वर्ष- 22 अंक - 27 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक
# सिटी ब्लास्ट

निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

इंदौर, गुरुवार 9 जुलाई 2026

# खामेनेई का जनाजा पहुंचने से पहले अमेरिका ने दो ब्रिज उड़ाए

## कल 80 तो आज ईरान में 90 ठिकानों को किया तबाह

गुरुवार ● एजेंसी

ईरान-अमेरिका के बीच फिर शुरू हुए युद्ध में अमेरिका ने कल ईरान में 80 ठिकानों पर हमला किया था। आज अमेरिका ने 90 ठिकानों को तबाह कर दिया। ईरान ने भी कुवैत और बहरीन में फिर अमेरिकी ठिकानों पर हमला किया। ईरान के अकाला में अमेरिका ने रेलवे ब्रिज उड़ा दिया। ईरान ने खामेनेई के अंतिम विदाई समारोह में खलल डालने के लिए मशहद जाने वाले दो पुलों को तबाह कर दिया।



## शेयर बाजार में पलट गया खेल

फिर शुरू हुए युद्ध के कारण कल शेयर बाजार में जोरदार गिरावट आई थी, लेकिन एक दिन में ही इस जंग का खौफ धुआं-धुआं हो गया। आज शेयर बाजार जोरदार तेजी के साथ खुला। सेंसेक्स ओपनिंग के साथ ही 380 अंक से ज्यादा उछल गया और महज 10 मिनट के कारोबार के बाद ही ये 500 अंक से ज्यादा की छलांग लगाते हुए एक बार फिर 77000 के पार निकल गया। वहीं निफ्टी भी 150 अंक से ज्यादा चढ़कर कारोबार करता हुआ नजर आया।

## हिमाचल में फिर फटे बादल, वैष्णोदेवी मार्ग पर भू-स्खलन

गुरुवार ● एजेंसी

पहाड़ से लेकर मैदान तक मानसून का कहर जारी है। हिमाचल के कुल्लू में फिर बादल फटने से सैलाब आ गया। उधर वैष्णोदेवी मार्ग पर भू-स्खलन होने से यात्रा रुक गई। बांग्लादेश में भू-स्खलन से शरणार्थी कैंप के 8 बच्चों की मौत हो गई और 5 घायल हो गए। दिल्ली, नोएडा, गुरुग्राम में भारी बारिश से सड़कें तालाब बन गईं। पुणे में इमारत ढहने से 11 लोग फंस गए। सूरत में 9 लोगों की मौत हो गई। महाराष्ट्र में 1 जून से अब तक 62 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है और 200 पशु भी मारे गए।

### बांग्लादेश में 8 बच्चों की मौत

## ममता ने अपने ही लोगों को मारे थप्पड़

**कोलकाता.एजेंसी।** तृणमूल कांग्रेस की रैली के दौरान जब हंगामा हुआ तो ममता बनर्जी ने आपा खो दिया। उन्होंने अपनी ही पार्टी के तीन कार्यकर्ताओं को थप्पड़ जड़ दिए।

## महाराष्ट्र में भूकम्प

**मुंबई.एजेंसी।** महाराष्ट्र के नांदेड़, हिंगोली और परभनी जिलों में आज सुबह-सुबह भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए हैं। भूकंप की तीव्रता 3.6 से 4.6 के बीच थी।

## न्यूज ब्रीफ...

### एक ही परिवार के 4 लोगों की मौत

**उमरिया.एजेंसी।** मध्य प्रदेश के उमरिया में आज तड़के एक तेज रफ्तार अर्टिगा कार सड़क पर खड़े ट्रक में जा घुसी। इस हादसे में एक ही परिवार के 4 लोगों की मौत हो गई। परिवार के लोग घर की एक बेट को परीक्षा दिलाने चित्रकूट जा रहे थे। यह युवती भी बेसुध हो गई, लेकिन सीपीआर देते ही युवती की सांसें लौट आईं।

### लापता कार्गो प्लेन का मलबा मिला

**इस्लामाबाद.एजेंसी।** पाकिस्तान के लापता कार्गो विमान का मलबा बलूचिस्तान के तट के पास मिला। विमान में सवार 5 क्रू मेंबर लापता हैं।

### 3 दिन तक 350 फीट ऊंचे टावर पर बैठा रहा

**छिंदवाड़ा.एजेंसी।** छिंदवाड़ा के पास पांढुर्णा जिले में बीते तीन दिनों से चल रहा हाई-वोल्टेज ड्रामा बुधवार देर शाम को आखिरकार खत्म हो गया। यहां एक शख्स करीब 350 फीट ऊंचे मोबाइल टावर की चोटी पर जा बैठा था, उसे पुलिस और एसडीआरएफ टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद उतारा।




# अवैध निर्माण पर कार्रवाई हो-भार्गव



## 5 अगस्त तक निगम का अपना डिजिटल पोर्टल शुरू होगा

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कल स्मार्ट सिटी कार्यालय में नगर निगम की विभिन्न विकास योजनाओं, अधोसंरचना परियोजनाओं, राजस्व प्रकरणों और जनहित के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल, सभी अपर आयुक्त मौजूद रहे। महापौर ने सचिवालय से दिए गए पत्र और टाइम लिमिट प्रकरणों की विभाग अनुसार समीक्षा की, जो कार्य चल रहे हैं और लम्बित परियोजनाओं को समय सीमा में पूरा करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। विकास कार्यों को जल्द और समय पर पूरा किया जाए। साथ ही जहां-जहां अवैध निर्माण हो रहे हैं उन पर सख्त कार्रवाई की जाए। निगम का अपना डिजिटल पोर्टल हर हाल में 5 अगस्त तक शुरू हो जाए। पोर्टल के माध्यम से नागरिकों को निगम की विभिन्न सेवाएं ऑनलाइन, पारदर्शी और सरल तरीके से उपलब्ध होंगी, जिससे कार्यालयों के चक्कर कम लगेंगे और शिकायतों के निराकरण में भी तेजी आएगी। स्वामी विवेकानंद, भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी और सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रस्तावित प्रतिमाओं के निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की गई। महापौर ने इन कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए, ताकि शहर को जल्द नई पहचान मिल सके। महापौर ने नगर निगम की नई प्रशासनिक भवन परियोजना, मास्टर प्लान के तहत चल रहे विकास कार्यों और शहर में पार्किंग सुविधाओं के विस्तार की भी समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि वैध घोषित कॉलोनियों में विकास शुल्क जमा कराने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए, जिससे वहां सड़क, नाली, पेयजल और अन्य मूलभूत सुविधाओं के विकास कार्यों में तेजी लाई जा सके।




# धरना दे रहे छात्रों को दिया कांग्रेस नेताओं ने समर्थन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** टंट्या मामा भील प्रतिमा स्थल भंवरकुआं पर नीट पेपर लीक होने के विरोध में छात्रों द्वारा अनिश्चितकालीन धरना दिया जा रहा है। 9 दिनों से चल रहे इस धरना में कल कांग्रेस नेताओं ने भी समर्थन देकर उद्बोधन भी दिया। कांग्रेस नेता जीतू दीवान ने कहा कि केन्द्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान को इस्तीफा देना चाहिए, छात्रों को इंसाफ मिलना चाहिए, जब तक इंसाफ नहीं मिलेगा तब तक धरना दिया जाएगा। जीतू दीवान, आशुतोष मिश्रा, सचिन सेन, शेख समीर, निवाजुद्दीन अंसारी सहित अन्य मौजूद थे।

# कैबिनेट बैठक में वर्चुअली शामिल हुए मंत्री

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** भोपाल में कैबिनेट बैठक का आयोजन किया गया था, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय वर्चुअली रूप से शामिल हुए। इस बैठक में 100 करोड़ की 'नमो हरित नगर योजना' का प्रस्ताव पारित किया, जिस से शहरों में वृक्षारोपण को बढ़ावा मिलेगा। गौरतलब है कि मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने इस वर्ष इंदौर में 21 लाख पौधे और 51000 वर्षा जल संचयन संरचनाएं लगाने का आह्वान किया है। इसी तारतम्य में आज पितृ पर्वत पर पूर्व निर्धारित पौधारोपण कार्यक्रम में सम्मिलित होने के चलते उन्होंने कैबिनेट वीसी के माध्यम से अटेंड की।



# विधायक ने की अधिकारियों से ब्रह्मोत्सव को लेकर चर्चा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** छत्रीबाग स्थित लक्ष्मी वेंकटेश देवस्थान में कल से 7 दिवसीय ब्रह्मोत्सव शुरू होंगे। उत्सव की तैयारियों का जायजा लेने क्षेत्रीय विधायक मालिनी गौड़ पहुंची। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ विधायक गौड़ ने बैठक कर व्यवस्थाओं पर चर्चा की।



# 21 लाख पौधारोपण को लेकर जनप्रतिनिधियों का मनन

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**

मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा 21 लाख से अधिक पौधारोपण एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अन्तर्गत कल सिटी बस कार्यालय सभागृह में बैठक आयोजित की गई। इस बड़ा पौधारोपण अभियान के साथ जल संचयन को लेकर भी चर्चा की गई। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक रमेश मेंदोला, मधु वर्मा, गोलू शुक्ला, भाजपा जिला अध्यक्ष श्रवणसिंह चावड़ा, एमआईसी सदस्य राजेन्द्र राठौर, नन्दकिशोर पहाड़िया, अभिषेक शर्मा बबलू, अश्विनी शुक्ला, निरंजनसिंह चौहान की मौजूदगी रही। यहीं कहा गया कि पेड़ लगाओ पानी बचाओ कि थीम पर पौधारोपण किया जाएगा। यह भी कहा गया कि पौधारोपण को जन आन्दोलन बनाएंगे। इसके लिए सामाजिक संगठनों के साथ बैठक भी करेंगे। हर रविवार को पौधारोपण का आयोजन जन भागीदारी उत्सव के रूप में मनाएंगे। पौधारोपण और जल संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।




# विधायक ठाकुर का मानद उपाधि से सम्मान

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** अम्बेडकर नगरी महू विधायक उषा ठाकुर को अध्यात्म और संस्कृति के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए डॉक्टरेट की मानद उपाधि से भारत वर्चुअल यूनिवर्सिटी फॉर पीस एंड एजुकेशन जिनेवा ने बलंक विजयानंद गिरि की उपस्थिति में सम्मानित किया।



# विश्वविद्यालय में दलाली करने वाले दलालों पर हो कार्रवाई

## *कांग्रेस नेताओं के समूह ने दिया ज्ञापन*

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** देवी अहिल्या विश्वविद्यालय सीयूईटी परीक्षा में अवैध रूप से छात्र-छात्राओं को भ्रमित कर मन माफिक सीट दिलाने के नाम से लाखों रुपए की ठगी करने वाले दलालों के विरुद्ध पुलिस कार्रवाई एवं इंदौर शहर में कोचिंग क्लास संचालित



करने वाले संचालकों द्वारा शासन प्रशासन के नियमों को अनदेखी करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने की मांग को लेकर कुलपति के नाम ज्ञापन कांग्रेस नेताओं के समूह ने दिया। विश्वविद्यालय की ओर से आश्वासन मिला कि दलालों से सतर्क रहने हेतु काउंसलिंग के क्षेत्र में नोटिस बोर्ड एवं साइन बोर्ड लगाए जाएंगे, छात्रों की सुविधा के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किया जाएगा। सीएलसी राउंड में एडमिशन सीट के परिवर्तन प्रतिबंध लगाया जाएगा। सीएलसी राउंड में रजिस्ट्रेशन किए जाने वाले छात्रों को मेरिट के आधार पर ही प्रवेश दिया जाएगा। विश्वविद्यालय द्वारा इस मामले में प्रदेश सरकार को प्राइवेट कोचिंग संचालन करने वाले संचालकों को पत्र भी भेजा जाएगा।

# महापौर ने किया 14 डी थिएटर का निरीक्षण

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** चिडियाघर में डिजिटल जंगल का रोमांच देखने को मिलेगा। 14-डी थिएटर में बारिश, जंगल और वाइल्ड लाइफ का वास्तविक अनुभव होगा। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने 14-डी थिएटर का निरीक्षण किया और इस मामले में चर्चा भी की और कहा कि इन्दौर नवाचार में सबसे आगे है और जल्द ही इस 14 डी थिएटर का निर्माण पूरा कर लिया जाएगा। क्रार्य पूर्ण होने के बाद जल्द ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इस डिजिटल जंगल रोमांच का लोकार्पण करेंगे। महापौर ने बताया कि चिडिया घर में डिजिटल तकनीक से जंगल और वन्यजीवन का अनूठा अनुभव मिलेगा। इंदौर नगर निगम द्वारा ज़ू परिसर में अत्याधुनिक 14-डी थिएटर का निर्माण कराया जा रहा है, जिसका कार्य अंतिम चरण में है। निर्माण पूरा होते ही इस अत्याधुनिक सुविधा को शहरवासियों के लिए समर्पित किया जाएगा। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने






निर्माणाधीन थिएटर की निर्माण एजेंसी द्वारा किए जा रहे कार्य की सराहना की, इस दौरान स्वच्छता प्रभारी अश्विनी शुक्ला, सामान्य प्रशासन विभाग के प्रभारी नंदकिशोर पहाड़िया सहित निगम के अधिकारी उपस्थित रहे। महापौर ने बताया कि 14डी थिएटर में दर्शकों को केवल फिल्म नहीं दिखाई जाएगी, बल्कि उन्हें बारिश, पानी, हवा, जंगल, वन्यजीवों और रोलर कोस्टर जैसे रोमांचक प्रभावों का वास्तविक अहसास भी कराया जाएगा। अलग-अलग फिल्मों और विशेष तकनीक के माध्यम से बच्चे और बड़े दोनों वन्यजीवन को करीब से महसूस कर सकेंगे तथा वन्य प्राणियों के बारे में रोचक जानकारी प्राप्त करेंगे। उन्होंने बताया कि थिएटर के साथ डिजिटल गार्डन, डिजिटल भूलभुलैया और डिजिटल एक्सपीरियंस जोन भी विकसित किया गया है। यहां आधुनिक तकनीक के जरिए शिक्षा, मनोरंजन और प्रकृति संरक्षण का संदेश एक साथ दिया जाएगा। महापौर ने कहा कि परियोजना लगभग पूरी हो चुकी है और कुछ अंतिम कार्य शेष हैं।



# एक या दो पदों पर हो सकते हैं क्लॉथ मार्केट चुनाव

## हंसराज जैन गुट रहा फीका, अंतिम राउण्ड में पहुंचा सम्मानजनक स्थिति में

### भारी रहा मूंगड़ खेमा, इसी गुट का हो सकता है अध्यक्ष

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**क्लाथ मार्केट मर्चेन्ट एसोसिएशन के चुनाव कल सम्पन्न हुए। 21 सदस्यीय कार्यकारिणी के लिए हुए चुनाव के बाद कल मतगणना हुई जिसमें कैलाश मूंगड़ और रजनीश चौरडिया गुट के 14 सदस्य जीते है। वहीं हंसराज जैन गुट के 7 उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की है। हालाकि अंतिम राउड में हंसराज गुट सम्मानजनक स्थिति में पहुंचा। इससे पहले केवल तीन उम्मीदवार जीतते नजर आ रहे थे।**

क्लाथ मार्केट के पूर्व अध्यक्ष हंसराज जैन ने भले ही इस बार चुनाव नहीं लडा लेकिन उनके गुट के 19 उम्मीदवार चुनावी मैदान में थे जिसमें केवल 7 उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की है। दूसरी ओर कैलाश मूंगड़ गुट ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए अपने 14 प्रत्याशी को 21 सदस्यीय कार्यकारिणी में जगह दिलवाई है। मूंगड़ खेमा भारी रहा। यही कारण है कि अब पदाधिकारियों के चुनाव में भी मूंगड़ खेमा भारी रहेगा। उम्मीद जताई जा रही है कि अध्यक्ष और मंत्री पद पर चुनाव नहीं होगा। वहीं उपाध्यक्ष, संयुक्त मंत्री के 2 पद और कोषाध्यक्ष में से 1 या 2 पद पर चुनाव हो सकते है। गत चुनाव में हंसराज जैन के अध्यक्ष बनने के बाद उनके गुट के 5 सदस्य पदाधिकारियों का चुनाव लडे थे जिसमें केवल चंद्रप्रकाश गंगवाल कुछ ही वोटों से चुनाव जीते थे। ऐसे में कल घोषित हुए परिणाम को देखते हुए यह गुट सभी पदों पर दावेदारी नहीं करेगा। हालाकि 7 प्रत्याशी जैन गुट के जीते है जिसमें से विवेक बाहेती पहली बार चुनाव जीते है, वे पदाधिकारी का चुनाव नियमानुसार नहीं लड़ सकते है। इसके अलावा अरुण बाकलीवाल ने भी पदाधिकारियों का चुनाव लड़ने से इंकार किया है। अब केवल जैन गुट के 5 उम्मीदवार पदाधिकारी का चुनाव लडने में योग्य है। हालांकि वे 1 या 2 पद पर ही दावेदारी दिखाएंगे। कुल मिलाकर कैलाश मूंगड़ खेमा पूरे चुनाव में भारी रहा। मूंगड़ की रणनीतियों ने भी चुनाव परिणाम में असर दिखाया।



### नवनिर्वाचित अध्यक्ष भी पहुंचे

कल चुनाव परिणाम आने के बाद माहेश्वरी समाज के पांच समाजजन चुनाव जीते। जीते हुए प्रत्याशियों को बधाई देने के लिए माहेश्वरी समाज के नवनिर्वाचित अध्यक्ष ईश्वर बाहेती कपडा मार्केट पहुंचे। उल्लेखनीय है कि इस संस्था में लम्बे समय तक माहेश्वरी समाज से जुडे सदस्य पदाधिकारी रहे है। समाज के वरिष्ठजनों ने भी माहेश्वरी समाजजन रहे है। भले ही व्यापारिक संस्था है लेकिन चुनाव में जीतने के बाद अपने समाजजनों का हौसला बढ़ाने अध्यक्ष पहुंचे। क्लाथ मार्केट के पूर्व अध्यक्ष प्रेम बाहेती के बेटे विवेक बाहेती ने भी जीत दर्ज की है। अध्यक्ष ईश्वर बाहेती ने विवेक बाहेती की दुकान पहुंचकर उनका सम्मान किया।

# अग्रवाल समाज चुनाव में अध्यक्ष के अलावा अन्य पद के पत्ते अभी नहीं खुले

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

अग्रवाल समाज केन्द्रीय समिति के चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। नामांकन फार्म आज और कल 10 जुलाई को भी मिलेंगे और 11 जुलाई तक नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया है। दो पैनल आमने-सामने है और कुछ निर्दलीय भी सामने आने की बात कही जा रही है। दोनों ओर से अध्यक्ष के दावेदार करीब-करीब तय है, एक तरफ जहां कई पूर्व अध्यक्ष मिलकर संजय गोयल को तो एक पूर्व अध्यक्ष राजेश बंसल, दिनेश बंसल पम्प को अध्यक्ष का चुनाव लड़ा रहे हैं। सेनापति दोनों ओर से अध्यक्ष के रूप में दावेदार बनकर सामने है। वहीं राजेश बंसल ने महिला उपाध्यक्ष के लिए शीतल तोड़ीवाला का नाम सामने कर दिया है। अब दोनों ही टीम कगज पर तो तैयारी कर चुकी है, लेकिन अंतिम समय पर उम्मीदवार कौन होंगे उसकी तैयारी आज और कल में पूरी होगी। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक इस बार चुनाव में आरोप-प्रत्यारोप भी जमकर लगने की संभावना जताई जा रही है। पुराने अध्यक्षों से यह पूछा जाएगा कि उनके कार्यकाल के अन्त में जब चुनाव हुए उसके पूर्व सदस्यता अभियान चला तो वह पैसा कहां गया, वह पैसा संस्था में जमा क्यों नहीं हुआ। इधर सूत्र यह भी बता रहे हैं कि राजेश बंसल के कार्यकाल में चुनावी प्रक्रिया में 80 लाख रु. की एफडी कराई गई थी। इसके अलावा भी कई मुद्दे उठाए जाएंगे। इधर कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के लिए पिछली बार चुनाव में वरिष्ठों की टीम सामने आ गई थी और प्रेमचंद गोयल अध्यक्ष बन गए थे। इस कार्यकाल के बारे में दोनों टीम बोलना नहीं चाह रही है लेकिन समाजजन कह रहे हैं कि इस कार्यकाल में कोई विशेष काम नहीं हुआ है, फिर भी दोनों टीमें वरिष्ठों पर अंगुलियां चुनावी मुद्दे पर उठाना नहीं चाहते हैं।

### चल रही है पुराने मुद्दे उठाने की तैयारियां

### मुल्लिका अर्जुन खड़गे से फिट है दिग्विजय सिंह

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** सांसद शंकर लालवानी के प्रतिनिधि और भाजपा नेता डॉ. संतोष वाधवानी ने तंज कसते हुए कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने राजनीति से संन्यास की घोषणा पर सबको चौकाया है। दिग्विजय सिंह वयोवृद्ध नेता है फिर भी स्वस्थ और फ़ीट है। वे अपनी पार्टी में हो रही लगातार उपेक्षा से परेशान होकर राजनीति से अचानक संन्यास का निर्णय लिया है। दिग्विजय सिंह की स्थिति महाभारत के भीष्म पितामह जैसी हो गई है। वाधवानी ने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन से दिग्विजय सिंह ज्यादा फीट है।

### पूर्व विधायक का निधन



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** पुलिस सेवा में रहे पूर्व बागली विधायक पहाड़सिंह कन्नौजे का कल शाम शेल्बी हास्पिटल में निधन हो गया। भाजपा नेता सुनील पुरोहित ने निधन पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। कन्नौजे शंखेश्वर पार्श्वनाथ कॉलोनी बायपास में रहते थे। आज पैतृक गांव पटाडी पाला में अंतिम संस्कार की प्रक्रिया की जा रही है। सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने भी निधन पर शोक जताया।

# कांग्रेस कब न्यायालय और लोकायुक्त जाएगी

### कई बार हो चुकी है घोषणा, अभी कांग्रेस का ध्यान साइकल यात्रा पर

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

लगातार कांग्रेस को कई मुद्दे मिले और कांग्रेस ने उन मुद्दों पर आवाज भी उठाई, कुछ में प्रदर्शन भी किए तो कुछ में ज्ञापन दिए गए। कांग्रेस की ओर से कई बार घोषणाएं हुई कि वे मुद्दे पर न्यायालय जाएंगे, भ्रष्टाचार मुद्दे पर लोकायुक्त में शिकायत करेंगे और कहा तो यह भी जाता है कि कांग्रेस ने इन सब कामों के लिए कांग्रेस से जुड़े अपने अधिवक्ता साथियों की टीम भी बना रखी है, लेकिन उनका उपयोग कांग्रेस ने न्याय प्रक्रिया के लिए नहीं किया। चाहे भागीरथपुरा में दूषित पानी से हुई करीब तीन दर्जन मौतों का मामला हो जहां न्यायालय में जाने की बात कही गई थी। वहीं निगम में होर्डिंग घोटाला, नामांतरण गड़बड़ियां सहित कई मुद्दों पर कांग्रेस ने कहा था कि वह लोकायुक्त जाएगी और प्रमाण के साथ शिकायत करेंगी, लेकिन अधिवक्ताओं की टीम होने के बावजूद कांग्रेस अभी तक ना तो न्यायालय गई और ना ही लोकायुक्त गई। अब खजराना के अस्पताल चोरी का मामला कांग्रेस नेता अमन बजाज ने भी उठाया और कांग्रेस संगठन मंत्री ने स्वास्थ्य विभाग की बंद मशीन पर लाखों खर्च का मुद्दा उठाया। बाकलीवाल ने ही पूर्व में ठंडे पानी की मशीन जो अटाले में पड़ी है और बंद पड़ी है उसका मुद्दा भी उठाया था। इसके अलावा भी कई मुद्दे कांग्रेस नेता और कार्यकर्ताओं ने उठाए हमेशा बात यही हुई कि कांग्रेस लोकायुक्त में शिकायत करेगी। कांग्रेस ने कई मुद्दों पर नगर निगम में ज्ञापन भी दिए वहां मुद्दे भी उठाए, मीडिया के समक्ष बात भी रखी, लेकिन कांग्रेस हमेशा न्यायिक प्रक्रिया में पीछे रह गई। आज इस मामले में जब सिटी ब्लास्ट ने शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे से बात की तो उनका कहना था कि हम इस न्यायिक प्रक्रिया में तैयारी कर रहे हैं, लेकिन हमारे समक्ष अभी सबसे महत्वपूर्ण युवाओं के साथ दो दिवसीय साइकल यात्रा जो इंदौर से शुरू होकर क्षिप्रा-देवास होते हुए भोपाल जाएगी उस पर ध्यान लगा हुआ है और इस कार्यक्रम के बाद बचे हुए सभी मुद्दों पर कांग्रेस ध्यान देगी और जरूरत पड़ी तो अधिवक्ताओं के माध्यम से न्यायालय और लोकायुक्त भी कांग्रेस जाएगी। इधर कांग्रेसी लगातार सोशल मीडिया पर नामांतरण, होर्डिंग, भागीरथपुरा मुद्दा और निगम में पूर्व में हुई सड़क घोटाला सहित अन्य मुद्दों को लिख रहे हैं। कांग्रेसी निगम के टैक्स के मुद्दे को भी सोशल मीडिया पर उठा रहे हैं। कांग्रेसियों ने लिखा कि वर्तमान प्रदेश सरकार को भी ढाई साल हो चुके हैं अब कांग्रेस को तेज आवाज उठाना चाहिए और जरूरत पड़े तो न्यायिक प्रक्रिया का उपयोग भी करना चाहिए। कुछ ने लिखा है कि पूर्व में भी निगम की टैक्स वृद्धि पर कांग्रेस ने सख्त विरोध के साथ कहा गया था कि हम टैक्स वृद्धि नहीं होने देंगे, लेकिन टैक्स वृद्धि हुई और उपभोक्ताओं के पास तीन-तीन साल पुराने तक टैक्स वृद्धि के नोटिस आकर पैसे जमा कराए गए। कुछ ने लिखा कि लगातार कांग्रेस को अलग-अलग विधानसभा, अलग-अलग ब्लॉक पर प्रमुख मुद्दों पर धरना, प्रदर्शन, आन्दोलन करना चाहिए। अब देखना होगा कि अगले सप्ताह साइकल यात्रा पूरी हो जाएगी उसके बाद कांग्रेस क्या कदम उठाती है, यह भी दिखाई दे जाएगा।

# राजस्व विभाग के दाग पर भोपाल से होगी कार्रवाई

## निगम आयुक्त ने भेजा प्रस्ताव, 354 खातों में संशोधन के लिए जारी नोटिस

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। नगर निगम के राजस्व विभाग में पिछले दिनों कंप्यूटर ऑपरेटर ने बड़े घोटाले को अंजाम देते हुए 354 संपत्ति कर खाते के नामांतरण कर दिए थे जिसमें कंप्यूटर ऑपरेटर की मुख्य भूमिका होने के साथ ही दो उपायुक्त की भूमिका भी संदिग्ध और जांच के घेरे में है। मामले में आयुक्त द्वारा पांच कंप्यूटर ऑपरेटर पर कार्यवाही की जा चुकी है, लेकिन बड़े अधिकारियों पर अब भोपाल से कार्रवाई करने के लिए प्रस्ताव भेजा गया है आयुक्त द्वारा मामले में जांच कमेटी बना दी गई थी जिसके द्वारा जांच की जा रही है वहीं जिन खातों के नामांतरण बदले गए थे और उनमें छेड़छाड़ की गई थी उन्हें सुधार के लिए नोटिस भेजे गए हैं।

नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने बताया कि राजस्व विभाग में हुई गड़बड़ी में जांच जारी है। जल्द ही जांच रिपोर्ट आ जाएगी। कुछ बड़े अधिकारियों की भी भूमिका इस मामले में संदिग्ध है जिनकी जांच की जा रही है। फिलहाल कंप्यूटर ऑपरेटर पर कार्रवाई की जा चुकी है, जांच प्रतिवेदन मिलने के बाद पूरी तरह से यह स्पष्ट होगा कि उपायुक्त की भूमिका इस घोटाले में कितनी रही है प्रथम दृष्टया तो आईडी का उपयोग लापरवाही पूर्ण तरीके से किए जाने और नामांतरण करने से पहले दस्तावेजी जांच नहीं करने जैसी गलतियां सामने आई है लेकिन आगे की कार्रवाई रिपोर्ट आने के बाद ही की जाएगी। आयुक्त ने कहा कि इसके लिए भोपाल नगरी प्रशासन विभाग को प्रस्ताव भेजा जाएगा वहीं से कार्रवाई का निर्णय भी होगा। इधर नगर निगम राजस्व मुख्यालय द्वारा 354 खातेदारों को नोटिस जारी किए गए हैं। खातों में सुधार की कार्रवाई शुरू की गई है। आयुक्त ने पूर्णता छानबीन करके एवं पूर्व में जिन भवन मालिकों के नाम पर नामांतरण किया गया था उन्हें उपस्थित होने एवं उनके कथन लिए जाने के बाद खातों में सुधार करने की प्रक्रिया को पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वह सभी खातेदारों के रिकॉर्ड पूर्व अनुसार ही रखे जाएं, परिजनों के कथन लिए जाएं। अगर किसी खाते में कोई परिवर्तन किया जा रहा है तो इसकी जानकारी अपर आयुक्त आकाश सिंह को दी जाए, सभी खातों में सुधार कार्य आयुक्त के संज्ञान में लाकर करें।

वहीं इस मामले में अपर आयुक्त सिंह ने बताया कि सभी खातेदारों को नोटिस जारी कर उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं साथ ही परिजनों से भी नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट लेने के बाद ही पुराने रिकॉर्ड में कोई परिवर्तन किया जाएगा वरना नामांतरण पूर्व रिकॉर्ड के अनुसार ही रहेगा। सभी को उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं उनके कथन के अनुसार ही कोई परिवर्तन किया जाएगा। इसके अलावा लगभग 16 जोन में गड़बड़ी एवं प्रशासनिक दृष्टि से खातेदारों को बदला गया है।

# शहर के 35 क्षेत्र में डाटा फॉर्म से नक्शे की मंजूरी शुरू होगी - महापौर

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा है कि शहर के 35 क्षेत्र में डाटा फॉर्म के माध्यम से लोगों के नक्शे की मंजरी का कार्य जल्द ही शुरू किया जा रहा है। इस बारे में राज्य सरकार के स्तर पर हमारी बातचीत हो गई है।**

शहर की पुरानी आबादी वाले इन सभी क्षेत्र के साइड प्लान बने हुए नहीं है। ऐसे में इन क्षेत्र में लोगों के प्लाट मकान के नक्शे मंजूर नहीं हो रहे हैं। जिन लोगों के द्वारा पहले से ही मकान बने हुए हैं उन लोगों के भी मकान के नक्शे मंजूर नहीं हो पा रहे हैं। नक्शा मंजूर नहीं होने के कारण इन लोगों को बैंक या अन्य संस्थाओं से कर्जा नहीं मिल पाता है। इन क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों के द्वारा अपने भवन का नक्शा मंजूर करवाने के लिए कई बार कोशिश की गई लेकिन नियम प्रक्रिया के कारण इनके नक्शे मंजूर नहीं हो सके।

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि इस बारे में हमारे द्वारा कई बार राज्य सरकार के स्तर पर बात की गई। प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गी के समक्ष भी इस विषय को रखा गया था। उन्होंने भी मंत्रालय में अधिकारियों के समक्ष इस विषय को रखकर इसका समाधान करवाने की कोशिश की। इसके अलावा पिछले दिनों जब प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव इंदौर आए थे तो इंदौर के सभी विधायकों के द्वारा भी उनके समक्ष यह मुद्दा रखा गया था। इन सब स्थितियों का परिणाम यह हुआ है कि अब इंदौर की इन सभी कॉलोनीयों के नक्शे मंजूर करने की प्रक्रिया शुरू होने जा रही है। इस बारे में इंदौर नगर निगम के अधिकारियों की नगर एवं ग्राम निवेश विभाग के अधिकारियों के साथ विस्तार से चर्चा हो गई है। इस चर्चा में वह सभी तथ्य शामिल कर लिए गए हैं जिनके आधार पर यहां पर नक्शा मंजूर किया जाना है।

उन्होंने कहा कि अब जल्द ही इन सभी क्षेत्रों में नागरिकों के भवन के नक्शे मंजूर हो जाएंगे। इस व्यवस्था को जल्दी आकर देने की दिशा में हमारी ओर से भरपूर कोशिश की जा रही है। हम चाहते हैं कि यह व्यवस्था जल्दी से जल्दी लागू हो ताकि नागरिकों को सालों पुरानी परेशानी से मुक्ति मिले। नागरिकों को जब सुविधा होगी तो उससे सारी स्थिति बेहतर बनेगी।

# विजयवर्गीय ने 2 लाख पौधारोपण के लिए किया दौरा



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

पितृ पर्वत मार्ग पर बुढानिया की 48 एकड़ की पहाड़ी पर 2 लाख पौधे लगाए जाएंगे, तैयारियों को लेकर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा बी.एस.एफ. के कमांडेट ज्ञानेश्वर खाडे तथा अन्य अधिकारियों के साथ स्थल का निरीक्षण किया। 'एक पेड मां के नाम' अभियान के तहत इस वर्ष किए जाने वाले पौधारोपण के तहत पौधे लगाने की शुरूआत की गई है। इस कड़ी में सीमा सुरक्षा बल के सहयोग से उपलब्ध भूमि पर आगामी दिनों पौधारोपण किया जाएगा। मंत्री विजयवर्गीय द्वारा तैयारियों को लेकर स्थल का भ्रमण करते हुए, पौधों की उपलब्धता, गड्ढे बनाने का कार्य आदि बिंदुओं पर बी.एस.एफ. के अधिकारियों के साथ चर्चा कर नगर निगम अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देशा दिए।

# पिछड़ा वर्ग मोर्चा में निखिल सोनी नगर अध्यक्ष



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। पिछले दिनों भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार ने इंदौर की राजनीतिक यात्रा की थी और नगर अध्यक्ष के साथ जिला अध्यक्ष की दौड़ वालों ने शक्ति प्रदर्शन भी किया था। आखिरकार इस पद पर प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल से स्वीकृति लेकर पवन पाटीदार ने निखिल सोनी को नगर अध्यक्ष बनाया। कई भाजपा नेताओं ने बधाई दी।

# अभी नहीं बुझी इंदौर की जमीन की प्यास

## तेज और जोरदार बारिश की शहर को जरूरत

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** मानसून के इस मौसम में अभी के हालात देखते हुए लगता है कि इंदौर को तेज और जोरदार बारिश की जरूरत महसूस हो रही है। अभी तक जितना पानी गिरा है उससे धरती की प्यास नहीं बुझी है।

इंदौर में पानी तो धीरे-धीरे करके बरस रहा है। पानी जितना और जिस तरह से आ रहा है उससे जमीन की आवश्यकता की पूर्ति नहीं हो पा रही है। इस समय इंदौर शहर को एक बार की तेज और जोरदार बारिश की जरूरत है। मौसम विभाग के द्वारा आज सुबह दी गई जानकारी के अनुसार आज प्रदेश के कई स्थानों पर तेज और जोरदार बारिश होगी लेकिन उन स्थानों की सूची में इंदौर का नाम शामिल नहीं है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि इंदौर के आसमान और उसके आसपास के क्षेत्र में अभी बारिश के लिए कोई दबाव नहीं बन रहा है। इसलिए यहां पर अभी कोई जोरदार बारिश होने की स्थिति नहीं है।

पिछले कुछ दिनों से इंदौर में थोड़ी-थोड़ी देर के लिए बारिश होती रही है। इस दौरान कभी तेज तो कभी हल्का पानी गिरता है लेकिन वह इतने कम समय पर गिरता है कि उससे इंदौर की आवश्यकता की पूर्ति नहीं हो सकती है। इंदौर को एक बार की तेज और जोरदार बारिश चाहिए जिससे कि कम से कम जमीन का पेट भर जाए। जब यह पेट भर जाएगा तो फिर जो बोरिंग बंद हो गए हैं वह सभी बोरिंग भी शुरू हो जाएंगे। बोरिंग के शुरू होने पर शहर में जो पानी के संकट की स्थिति बनी हुई है उसका भी समाधान हो जाएगा।

### कमजोर है मानसून

वैसे भी मौसम वैज्ञानिकों के द्वारा पहले से ही यह जानकारी दे दी गई है कि इस बार का मानसून कमजोर है। इस मानसून में कई जिले मध्य प्रदेश में ऐसे होंगे जहां पर की औसत बारिश नहीं होगी। मौसम विभाग की इस चेतावनी के आधार पर राज्य सरकार के द्वारा भी प्रदेश के कुछ जिले में सूखा पड़ने की संभावना को ध्यान में रखते हुए काम शुरू कर दिया गया है। सरकार के अधिकारियों की नजर इस बात पर है कि इन जिलों में आने वाले समय में कब और कितनी बारिश होती है।

# निगम में एक बार फिर बढ़ने लगी है नल से गंदा पानी आने की शिकायत

## सीएम हेल्पलाइन और 311 एप पर लोगों ने बताई समस्या

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**नगर निगम में एक बार फिर नल से गंदा पानी आने की शिकायत बढ़ने लग गई है। नागरिकों के द्वारा सीएम हेल्पलाइन और 311 एप पर इस तरह की परेशानी को बताया जा रहा है।**

वर्ष 2025 के समापन की बेला में शहर में भागीरथपुरा में नलों में गंदा पानी आया था। जिसके कारण इस बस्ती में रहने वाले 36 लोगों की मौत हो गई थी और कई लोग बीमार हो गए थे। उसके बाद से नगर निगम के द्वारा शहर के सभी क्षेत्रों में गंदा पानी आने की शिकायत का समाधान करने के लिए बहुत सारे काम किए गए। कहीं पर ड्रेनेज लाइन को सुधर गया तो कहीं पर पानी की लाइन के लीकेज को बंद किया गया। इसके साथ ही कई क्षेत्रों में नगर निगम के द्वारा ड्रेनेज व पानी की नई लाइन डालने का काम भी किया गया।

इन सब कामों के परिणाम स्वरूप नाले में गंदा पानी आने की शिकायत कम हो गई थी। अब बारिश का मौसम शुरू होने के बाद अचानक इस तरह की शिकायतों की बाढ़ आ गई है। इस समय सीएम हेल्पलाइन और 311 एप पर नल में गंदा पानी आने की शिकायत बड़ी संख्या में नगर निगम पहुंच रही है। नगर निगम के द्वारा हरजोनल कार्यालय के क्षेत्र में पानी के कार्य के लिए नियुक्त किए गए सहायक यात्री के माध्यम से इन समस्याओं का समाधान करने की कोशिश की जा रही है। इसके साथ ही हर वार्ड में एक इंजीनियर की नियुक्ति की गई है। यह इंजीनियर सारे कामकाज देखा है। इस इंजीनियर को भी निगम के अधिकारियों के द्वारा यह निर्देश दिया गया है कि उनके प्रभार वाले वार्ड में आ रहा है तो उसे देखे समझे और उसे समस्या का समाधान करने का काम करें।

**बोरिंग वाले क्षेत्रों में ज्यादा समस्या-** जिन क्षेत्रों में नर्मदा पेयजल योजना की पाइपलाइन नहीं है और नागरिकों के द्वारा अपनी पानी की आवश्यकता की पूर्ति बोरिंग से ही की जाती है। ऐसे क्षेत्रों में नागरिकों को गंदा पानी मिलने की शिकायत लगातार बढ़ रही है। इस तरह की शिकायत का समाधान करने के लिए नगर निगम के पास कोई समयबद्ध कार्यक्रम नहीं है। बहुत से क्षेत्र के नागरिक तो कई दिनों तक अपनी शिकायत करते रहते हैं लेकिन उस शिकायत का समाधान करने के लिए नगर निगम के अधिकारी तैयार नहीं होते हैं।

## महावीर नगर में बिगड़े थे हालात

छोटा बांगडदा क्षेत्र में स्थित महावीर नगर में पिछले दिनों बोरिंग में से गंदा पानी आने के कारण हालत बिगड़ गए थे। इस कॉलोनी में रहने वाले कई लोग बीमार हो गए थे। इस मामले का खुलासा सिटी ब्लास्ट के द्वारा किया गया था। इसके बाद नगर निगम के अधिकारियों के द्वारा वहां पर जाकर स्थिति को नियंत्रण में लाने का काम किया गया था। अब तो बड़ी संख्या में क्षेत्र से इस तरह की शिकायत आ रही है।

# खजराना गणेश मंदिर में भगवान के सामने से दान पात्र हटाया

## सिटी ब्लास्ट में खबर छपने के बाद हुई हलचल

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

खजराना के गणेश मंदिर में भगवान के सामने रखा गया दान पात्र हटा दिया गया है। यह हलचल कल सिटी ब्लास्ट के द्वारा इस बारे में समाचार प्रकाशित किए जाने के बाद हुई है।

सिटी ब्लास्ट ने कल प्रमुखता के साथ यह समाचार प्रकाशित किया था कि खजराना के गणेश मंदिर में भक्तों के द्वारा दिए जा रहे दान की चोरी होने की शिकायत कलेक्टर के पास आई है। इस शिकायत में यह कहा गया है कि मंदिर के पुजारी और मंदिर प्रबंध समिति के बीच में जो एग्रीमेंट हुआ था उसके अनुसार पुजारी को मंदिर में भगवान के समक्ष से भक्तों से चढ़ावा लेने का पात्र हटाना होगा।

इसके साथ ही मंदिर में आने वाली गाड़ियों की पूजा की रसीद प्रबंध समिति के द्वारा काटी जाएगी। पुजारी के द्वारा जनता से सीधे कोई पैसा नहीं लिया जाएगा। इन शर्तों के साथ ही पुजारी का वेतन उस समय 1 लाख रु. प्रतिमाह निर्धारित किया गया था। अब यह वेतन बढ़कर 1.75 लाख रुपए हो गया है। इसके बाद भी पुजारी के द्वारा मंदिर में आने वाले भक्तों से सीधे पैसा लिया जाता है। भगवान के सामने रखा गया दान पात्र नहीं हटाया गया है। इस शिकायत पर कलेक्टर शिवम वर्मा के द्वारा शिकायत के परीक्षण का आश्वासन दिया गया था। इस बारे में सिटी ब्लास्ट के द्वारा समाचार छपने के बाद हलचल हुई। अयोध्या के राम मंदिर से लेकर नलखेड़ा के बगलामुखी मंदिर तक जहां भी इस तरह की शिकायत आ रही है वहां पर जांच कमेटी का गठन हो गया है। ऐसे में कहीं इंदौर के खजराना गणेश मंदिर में भी जिला प्रशासन के द्वारा जांच कमेटी का गठन नहीं कर दिया जाए। इस चिंता के चलते हुए मंदिर के पुजारी के द्वारा भगवान के समक्ष रखा गया दान पात्र हटा लिया गया है। अलबत्ता मंदिर के अधिकृत और अनाधिकृत पुजारी के द्वारा लोगों से नगद में चढ़ावा लेने का सिलसिला अभी भी जारी है।



### 150 अनाधिकृत पुजारी है

खजराना की गणेश मंदिर में भट्ट परिवार के सदस्यों के अलावा 150 अनाधिकृत पुजारी है। यह ऐसे पुजारी है जो की मंदिर से कोई वेतन नहीं लेते हैं बल्कि लोगों से ही पूजा करवाने और तिलक लगाने के नाम पर पैसा ले लेते हैं। इस पैसे से ही इनका गुजारा चल रहा है। इन्हें मंदिर के अधिकृत पुजारी की ओर से संरक्षण प्राप्त है। मंदिर के एक पुजारी के दामाद ने तो अपनी कार पर मुख्य पुजारी होने की नेम प्लेट भी लगा रखी है।

### गायब हो गए अधिकारी

मंदिर में व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए मंदिर प्रबंध समिति के द्वारा मैनेजर के रूप में दो अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। इन अधिकारियों के द्वारा भी अब मंदिर की व्यवस्थाओं पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। अपनी जिम्मेदारियों से अलग हटकर यह अधिकारी मस्ती में लग गए हैं। नाम के लिए मंदिर में आते हैं थोड़ा समय बैठते हैं और जय गणेश कहते हुए चले जाते हैं। जब मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ होती है तब भी व्यवस्था को संभालने में इन अधिकारियों के द्वारा कोई योगदान नहीं दिया जा रहा है। इस तरह की शिकायत भी कलेक्टर शिवम वर्मा के पास आ गई है। इस शिकायत पर कलेक्टर के द्वारा अब फैसला लिया जाना है।

### नवीनीकरण के नाम पर मनमानी

इस समय मंदिर के परिसर में मास्टर प्लान के अनुसार नवीनीकरण करने का कार्य चल रहा है। इस कार्य में भी जमकर मनमानी हो रही है। चाहे जब चाहे जिस निर्माण को तोड़ दिया जाता है और फिर नया बनाने के नाम पर दानदाताओं को बुलाया जा रहा है। इस मंदिर में 8 करोड़ रुपए के काम करवाने वाले बालकृष्ण छापछरियां के द्वारा भी इस बारे में प्रशासन के अधिकारियों को शिकायत की गई थी।

# अर्थशास्त्र के प्रोफेसरों की कमी खत्म होगी



**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**

सरकारी कॉलेजों में अर्थशास्त्र के प्रोफेसरों की कमी खत्म होगी। 13 जुलाई से इंटरव्यू एमपी पीएससी में आरंभ होंगे। 130 पद भरेंगे। इंदौर के जीएससी, ओल्ड जीडीसी और नए कॉलेजों को भी पद मिलेंगे। जानकारी के अनुसार एमपी पीएससी असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती परीक्षा-2024 के इकोनॉमिक्स विषय के 130 पदों के इंटरव्यू 13 जुलाई से शुरू होंगे। इसके साथ ही पीएससी सभी विषयों के इंटरव्यू 31 दिसंबर तक पूरे करने तथा सिलेक्शन लिस्ट जारी करने की दिशा में आगे बढ़ने जा रहा है। इसके बाद इसी माह कामर्स के भी इंटरव्यू होंगे। अब हर माह कम से कम तीन विषयों के इंटरव्यू की तैयारी है। अभी तक पीएससी 100 से कम पदों वाले विषयों के इंटरव्यू आयोजित कर रहा था। अब उसने 100 से ज्यादा पदों वाले विषयों के भी इंटरव्यू शुरू कर दिए हैं। पीएससी के प्लान के अनुसार इस साल के अंत तक न केवल राज्य सेवा परीक्षा-2025 व 2026 की सिलेक्शन लिस्ट जारी हो जाएगी, बल्कि असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती-2024 के सभी 23 विषयों की भी चयन सूची आ जाएगी। अभी 10 विषयों के इंटरव्यू हो चुके हैं, अब बचे हुए इंटरव्यू होंगे।

इस परीक्षा में 23 विषयों के कुल 1918 पद हैं। अभी 1600 पदों के इंटरव्यू बाकी हैं। इनमें करीब 4800 अभ्यर्थी शामिल होंगे। वर्तमान में पीएससी के पास चार बोर्ड हैं। ऐसे में कम से कम 70 अभ्यर्थियों के इंटरव्यू रोज हो सकते हैं। करीब 75 से 80 कार्यदिवस में ये इंटरव्यू हो जाएंगे। पीएससी को लाइब्रेरियन और स्पोर्ट्स ऑफिसर के पदों पर भर्ती के इंटरव्यू भी साथ करवाने होंगे। अभी कॉमर्स, हिंदी, अंग्रेजी, केमेस्ट्री सहित सभी प्रमुख विषयों के इंटरव्यू की तारीखें आना बाकी है। 2024 की परीक्षा में सबसे ज्यादा पद केमेस्ट्री के 199 हैं। परीक्षा पिछले साल तीन चरणों में हुई थी। पहला चरण 1 जून, दूसरा 27 जुलाई और तीसरा 17 अगस्त को हुआ था। स्पोर्ट्स ऑफिसर के 187 व लाइब्रेरियन के 87 पद हैं। 2024 की परीक्षा में बॉटनी के 190 और जूलॉजी के 187 पद हैं। फिजिक्स के 186 तथा गणित के 177 पद हैं। इतिहास के 97, अर्थशास्त्र के 130 पद दिए थे। राजनीति विज्ञान के 124 व हिंदी के 113 पद हैं। इस बार वाणिज्य के 111 तथा अंग्रेजी व भूगोल के 96-96 पद हैं। भूगोल के इंटरव्यू हो चुके, जबकि कम पदों वाले संस्कृत सहित कई अन्य विषय की चयन सूची जारी हो चुकी है।

### 13 से इंटरव्यू, 130 पद भरेंगे, इंदौर के जीएससी, ओल्ड जीडीसी और नए कॉलेजों को भी मिलेंगे पद

**12 जुलाई को बड़ी परीक्षाः 2025 की भर्ती परीक्षा तीन चरणों में होगी** - पीएससी असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती परीक्षा- 2025 भी आयोजित करने जा रहा है। तीन चरणों की परीक्षा का पहला चरण 12 जुलाई को होगा। दूसरा 2 अगस्त और तीसरा 30 अगस्त को होगा। कुल 19 विषयों के 1239 पद हैं। पीएससी जुलाई में एक के बाद एक कई परीक्षाओं के इंटरव्यू करवाएगा। इसमें डेंटल हेल्थ एक्सपर्ट-2024 के 11 पदों के इंटरव्यू 6 जुलाई से होंगे। यह संभवतः एक या दो दिन में खत्म हो जाएंगे। सहायक प्रबंधक परीक्षा-2024 के कुल 68 पदों के इंटरव्यू हो चुके हैं। पीएससी लगातार अलग-अलग परीक्षाओं के इंटरव्यू आयोजित कर रहा है।

# एडीपीओ बनना है तो दोबारा मिलेगा मौका शुक्रवार से फिर खुलेगी आवेदन की लिंक

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

एमपी पीएससी (मध्य प्रदेश लोकसेवा आयोग) शुक्रवार यानी 10 जुलाई से एडीपीओ भर्ती परीक्षा के दोबारा आवेदन की प्रक्रिया शुरू कर देगा। ऐसा इसलिए होगा, क्योंकि उसने हाल में 90 पद बढ़ा दिए हैं। कुल 107 पद हो गए हैं। यह 10 मार्च को जब वैकेंसी आई थी,लेकिन तब सिर्फ 17 पद दिए गए थे। यह स्थिति तब थी जब 11 साल में यह दूसरी वैकेंसी थी। पद बढ़ने से अभ्यर्थियों को तो राहत मिली है, लेकिन अब स्पर्धा और कड़ी हो जाएगी। 107 पदों के लिए 20 हजार अभ्यर्थी आवेदन कर चुके हैं। 2 से 3 हजार संख्या और बढ़ सकती है। 2021 में जब वेकेंसी आई थी तब 256 पदों के लिए परीक्षा हुई थी। पीएससी की यह चौथी सबसे अहम परीक्षा है। यह एडीपीओ भर्ती परीक्षा18 अक्टूबर को होना है। इसके बाद परिणाम एक माह में आएगा। इसके 6 माह में इंटरव्यू होंगे। एडीपीओ के लिए 2015 के बाद जून 2021 में वैकेंसी आई थी। इसमें 256 पद दिए गए थे, लेकिन देरी इतनी ज्यादा हुई कि जो नियुक्ति जून 2022 तक हो जाना थी, वह मई 2024 में हो पाई थी तब अभ्यर्थियों ने नाराजगी जताई थी।

### 20 हजार कर चुके आवेदन, पद बढ़ने से नए अभ्यर्थी जुड़ने को तैयार

**ऐसे हुई थी तब देरी** - उस समय देरी के कई कारण थे। एग्जाम लगभग एक साल देरी से 18 दिसंबर 2022 को हुई और 4 जनवरी 2023 को परिणाम जारी किया गया, लेकिन इंटरव्यू 2024 में हुए थे। उसके बाद चयन सूची भी बेहद लेट 2025 में आई थी। इस बार दावा है कि पीएससी परीक्षा के अधिकतम 45 दिन में रिजल्ट जारी होगा। इंटरव्यू भी समय पर करवाए जाएंगे। 2021 में भी जब वैकेंसी जारी हुई थी, तब 92 पद रखे थे। उसके बाद पदों की संख्या बढ़ाई गई थी। वैसे इस बार एग्जाम में नेगेटिव मार्किंग भी रहेगी। पिछली बार नेगेटिव मार्किंग सिस्टम नहीं था। पीएससी ने पहली बार असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती परीक्षा में भी नेगेटिव मार्किंग रखी है। साथ ही राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा में भी इस बार नेगेटिव मार्किंग रखी है। अब पीएससी की तमाम बड़ी परीक्षाओं में यही सिस्टम रहेगा। जानकारों का कहना है यह इसलिए राहत की बात है क्योंकि पिछली तमाम परीक्षाओं में पदों की संख्या कम थी। राज्य सेवा, स्टेट इंजीनियरिंग सहित तमाम परीक्षाओं में इस बार पद कम दिए जाने से अभ्यर्थियों में नाराजगी थी। राज्य सेवा परीक्षा में भी इस बार मात्र 156 पद दिए गए, जबकि पिछले साल भी 158 पद थे।

# सड़क निर्माण के साथ जल निकासी पर भी हो ध्यान

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने कल अधिकारी अभय राजनगांवकर, पीएस कुशवाह, नरेश जायसवाल, पराग अग्रवाल के साथ निर्माणाधीन सड़क का निरीक्षण किया। ठेकेदार एजेंसियों को निर्देश भी दिए कि सड़क निर्माण के साथ ही जल निकासी का भी ध्यान रखा जाए। खासतौर से वर्षाकाल में निर्माण स्थल पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था की जाए। आयुक्त सिंघल द्वारा सदर बाजार से गुटकेश्वर महादेव मंदिर, अन्नपूर्णा से रिंग रोड, जम जम चौराहा से स्टार चौराहा तक निर्माणाधीन मास्टर प्लान सड़क, मूसाखेड़ी सर्विस रोड निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



# गिरनार यात्रा में पचरंगी झंडे के साथ शामिल हुए जैन समाजजन





इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। दिल्ली से 25 जून को शुरू हुई गिरनार की यात्रा धार्मिक रूप से की जा रही है। यह यात्रा आज सुबह इंदौर आने के बाद राजवाड़ा से महावीर बाग तक के लिए निकली। बड़ी संख्या में दिगम्बर जैन समाजजन इस यात्रा में शामिल हुए। यह यात्री गिरनार पर्वत पर भगवान नेमीनाथ के चरण स्थल पर 20 जुलाई को निर्वाड़ लाड़ू चढ़ाएंगे, इस यात्रा को प्रभावना यात्रा माना जा रहा है। अहिंसा रथ में विराजित भगवान नेमीनाथ के दर्शन भी जैन श्रद्धालुओं ने किए। इस यात्रा में 1008 फुट लम्बा पचरंगी झण्डा भी लहलहाते चल रहा था, जो आकर्षण का केन्द्र था। यह यात्रा महावीर बाग पहुंची, जहां धर्म सभा भी हुई। मयंक जैन, जैनेश झांझरी, वीरेन्द्र बड़जात्या, राजीव जैन, देवेन्द्र सोगानी, नीलेश सेठी, सुदीप जैन, ऋषभ पाटनी, सतीश जैन, राहुल स्पोर्ट्स, प्रमोद पापड़ीवाल सहित अन्य मौजूद रहे।



## चातुर्मास के लिए श्रीफल भेंट

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

दिगम्बर जैन सामाजिक संसद से जुड़े हर्ष जैन, प्रिंसपाल टोंग्या, एमके जैन, राजेश जैन, प्रीतिपाल टोंग्या, अशोक रानी दोशी, मनीष सपना गोधा, धर्मेंद्र जैन, आकाश कोयला, अक्षय कासलीवाल, गिरीश जैन, भूपेन्द्र जैन, कमल जैन, विजय पाटोदी ने मुनि सुधा सागर म.सा. के इंदौर चातुर्मास को लेकर बीनागंज गुना पहुंचकर श्रीफल भेंट किया। समग्र जैन समाज पूरी तरह प्रयास कर रहा है कि संत का चातुर्मास इंदौर में हो। इसके सकारात्मक संकेत भी मिले हैं।



## आओ गढ़ें संस्कारवान पीढ़ी का कार्यशाला में संदेश

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। राठौर क्षत्राणी सोशल ग्रुप ने होटल में मन की बात विषय पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया आओ गढ़ें संस्कारवान पीढ़ी' का संदेश दिया। अतिथि रेखा भगत थी। 50 से अधिक महिलाओं ने कार्यशाला में शिरकत की। गर्भाधान संस्कार से जुड़े वैज्ञानिक और आध्यात्मिक पहलुओं, गर्भकालीन आहार, चिंतन और दिनचर्या पर विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही महिलाओं के व्यक्तित्व निखार के लिए भी मार्गदर्शन किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागी क्षत्राणियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। छात्रा शरण्या राठौर को सम्मानित किया। रेणु राठौर ने संचालन किया।

## दो दिवसीय मराठी कथा लेखन कार्यशाला होगी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

दो दिवसीय मराठी कथा लेखन कार्यशाला का आयोजन 11 एवं 12 जुलाई को साहित्य से समृद्ध मराठी भाषा में कथा का बीज निर्माण, विस्तार व पूर्ण कथा के बारिकीयों को समझने के लिये साहित्य सेवा समिति ने महाराष्ट्र साहित्य सभा और मध्यप्रदेश मराठी साहित्य संघ भोपाल के सहयोग से आयोजित की है। डॉ. श्रीकांत तारे, अरविंद जवलेकर, डॉ. निर्मोही फडके, कौस्तूभ केलकर, पुरुषोत्त सप्रे, अश्विन खेर, प्रफुल्ल कस्तुरे अपनी भूमिका निभाएंगे। बाहर से भी इस कार्यशाला में मराठी समाजजन मौजूद रहेंगे। अलग-अलग सत्रों में बाहर से आ रहे समाजजन अपनी भूमिका वक्ता के रूप में निभाएंगे।



## संगीत निशा का आयोजन



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। हिन्दी साहित्य समिति में मिले सुर मेरा तुम्हारा म्यूजिकल ग्रुप द्वारा संगीत निशा आयोजित की गई। दिनेश पडीहार ने बताया कि 40 प्रस्तुतियां दी गई।**



## राठौर समाज की राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष आई

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

अखिल भारतीय राठौर क्षत्रिय महासभा की नवनिर्वाचित राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सीमा संजय राठौर इंदौर आई तो उनका स्वागत किया गया। सीमा राठौर ने वरिष्ठ विनोद राठौर से सौजन्य भी भेंट की। राजेश आजाद, लीलाधर राठौर, संजय राठौर, हरीश राठौर, धर्मेंद्र चौधरी, अंश राठौर सहित समाजजन उपस्थित रहे।

# पुलिस ने लाखों लोगों तक पहुंचाया साइबर सुरक्षा का संदेश



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह के प्रयास से सायबर सुरक्षा का संदेश लाखों लोगों तक पहुंचाया गया। वहीं आफलाइन में 275 से अधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए और इस आयोजन में 5 लाख लोग सीधे जागरूकता आयोजन से जुडे। वहीं पुलिस ने सोशल मीडिया के माध्यम से 75 लाख से अधिक लोगों तक पहुंचा 'सेफ क्लिक' का संदेश। इस आयोजन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस अधिकारी, कर्मचारी, हैकेथॉन विजेताओं, सहयोगी व्यक्ति/संस्थाओं को भी सम्मानित किया गया। यह आयोजन 24 जून से शुरू हुआ जो कल पूर्ण हुआ। इन 15 दिनों में शहरभर में व्यापक स्तर पर साइबर जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। कल समापन पर भी पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह, वरिष्ठ अधिकारी मयंक अवस्थी एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे। समापन कार्यक्रम पर स्कूल-कालेज के विद्यार्थी, गणमान्य नागरिक की मौजूदगी में पुलिस अधिकारी मीना चौहान द्वारा इंदौर पुलिस कमिश्नरेट के सेफ़ क्लिक अभियान के दौरान की उपलब्धियों व इन 15 दिनों में की गई विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी।

# सीमा सुरक्षा बल की इंटर फ्रंटियर एक्वाटिक प्रतियोगिता

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



सीमा सुरक्षा बल इंटर फ्रंटियर एक्वाटिक प्रतियोगिता एवं इंटर फ्रंटियर क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता कल से शुरू हुई जो 11 जुलाई तक आयोजित की जाएगी। जिसकी मेजबानी सेंट्रल स्कूल ऑफ वेपन्स एंड टैक्टिक्स (सीएसडब्ल्यूटी), सीमा सुरक्षा बल द्वारा की जा रही है। तेजिंदर पाल सिंह, महानिरीक्षक, सीएसडब्ल्यूटी, बीएसएफ मुख्य अतिथि द्वारा उक्त प्रतियोगिताओं का उद्घाटन किया गया। सीमा सुरक्षा बल की सीमा सुरक्षा बल इंटर फ्रंटियर एक्वाटिक प्रतियोगिता के दौरान सीसुबल के विभिन्न सीमांतों के 300 तैराक उत्कृष्टता के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहें। सीएसडब्ल्यूटी परिसर में आयोजित की जायेगी एवं इंटर फ्रंटियर क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता रेवती रेंज, सीमा सुरक्षा बल इंदौर के एरिया में आयोजित की जायेगी। प्रतियोगिताओं के माध्यम से नई प्रतिभाओं की खोज करने और ऐसे खिलाड़ियों का चयन करने का प्रयास किया जाता है जो भविष्य में विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों में बल एवं देश का प्रतिनिधित्व कर सकें। सीएसडब्ल्यूटी सीमा सुरक्षा बल, इंदौर परिसर में दोनों प्रतियोगिताओं का किया गया। समारोह के दौरान सीमांत टीमों ने सीमा सुरक्षा बल ब्रास बैंड के धुन पर स्मार्ट मार्च पास्ट किया। समारोह के दौरान 600 से अधिक कार्मिक एवं उनके परिजन साक्षी बनें।

# जगन्नाथ रथयात्रा की प्रचार सामग्री का लोकार्पण



इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। निपानिया स्थित इस्कॉन मंदिर के तत्वावधान में रविवार 19 जुलाई को दोपहर 2 बजे शहर के पश्चिम क्षेत्र स्थित श्री अन्नपूर्णा मंदिर से निकलने वाली जगन्नाथ रथ यात्रा की प्रचार सामग्री का लोकार्पण समाजसेवी विनोद अग्रवाल ने किया। उन्होंने कहा कि जगन्नाथ रथ यात्रा जैसा आयोजन देवी अहिल्या की इस नगरी के लिए सौभाग्य एवं पुण्य का विषय है। शहर की गौरवशाली परम्परा के अनुरूप हम सबको जगन्नाथ रथ यात्रा का पूरे जोश एवं उत्साह के साथ स्वागत करना चाहिए। इस्कॉन मंदिर इंदौर के अध्यक्ष स्वामी महामनदास प्रभु ने बताया कि श्री अन्नपूर्णा मंदिर से राजवाडा स्थित गोपाल मंदिर तक निकलने वाली इस रथ

## कल अन्नपूर्णा मंदिर पर बैठक

यात्रा की तैयारियों में शहर के अनेक धार्मिक सामाजिक संगठन भी अपनी सक्रिय भागीदारी करने के लिए उत्सुक बने हुए हैं। प्रचार सामग्री के लोकार्पण के दौरान रथ यात्रा संयोजक हरि अग्रवाल, किशोर गोयल, अशोक गोयल, शैलेन्द्र मित्तल एवं मंदिर से जुड़े श्रद्धालु उपस्थित थे। रथ यात्रा की तैयारियों को अंतिम रूप देन के लिए शुक्रवार 10 जुलाई को शाम 6 बजे अन्नपूर्णा मंदिर पर एक महत्वपूर्ण बैठक रखी गई है जिसमें यात्रा मार्ग, स्वागत मंच एवं मथुरा-वृन्दावन से आने वाली साज सज्जा सामग्री सहित रथों के स्वरुप पर चर्चा कर निर्णय लिए जाएँगे।

# सांई समिति में चावला कार्यकारी अध्यक्ष

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। केन्द्रीय साईं सेवा समिति में साईं भक्त वासुदेव चावला को कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। अध्यक्ष गौतम पाठक ने यह नया दायित्व सौंपा है। चावला ने पदभार ग्रहण किया और उसके बाद चावला कल ही रमेश मोटवानी, पिंकी भाटिया एवं अन्य साईं भक्तों तथा परिजनों के साथ अमृतसर के लिए रवाना हो गए।



# समता भवन पर धर्मसभा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

साधुमार्गी जैन समता संघ के तत्वावधान में यशवंत निवास रोड स्थित समता भवन पर धर्म सभा में आदित्य मुनि म.सा. ने आशीर्वचन दिए। बडी संख्या में जैन समाजजनों ने धर्म की महता के संदर्भ में विस्तार से जानकारी संत द्वारा दी गई। आदित्य मुनि म.सा., अटलमुनि म.सा., निर्वाण मुनि म.सा. अदिठाणा 4 द्वारा सुबह रामामृतम साधना और दोपहर में ज्ञान चर्चा के आयोजन यशवंत निवास रोड स्थित समता भवन पर होंगे। आज सुबह 7 से 8 बजे तक रामामृतम ध्यान साधना, प्रातः 9 से 10 बजे तक प्रवचन हुए। वहीं आज दोपहर 2 से 3.30 बजे तक और रात्रि 8 से 9.30 बजे तक ज्ञान चर्चा के आयोजन होंगे। प्रतिदिन मुनिश्री के प्रवचनों की अमृतवर्षा चलेंगी।



# अमरनाथ यात्रा के लिए 82यात्रियों का जत्था रवाना

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। संत शिरोमणि गुरु रविदास अमरनाथ सेवा समिति द्वारा रविदास कांच मंदिर रुस्तम का बगीचा से अमरनाथ यात्रा रेलवे स्टेशन से अमृतसर ट्रेन से रवाना हुई जिसमें सभी बाबा बर्फानी बूढ़े अमरनाथ एवं माता वैष्णोदेवी रानी के दर्शन करेंगे। अमृतसर और वाघा बॉर्डर जाएंगे। यात्रा में ग्रुप के सभी सदस्यों को टी-शर्ट दी गई है। जम्मू में रुकने की व्यवस्था की गई है एवं हर प्रकार से सभी यात्रियों को अलग अलग जवाबदारी दी गई है। मोहन मिश्रीलाल बीसे, प्रदीप बीसे, अभि तिलवे, हेमंत वर्मा, विनोद वर्मा आयोजन से जुडे है। राजनेताओं की मौजूदगी भी रही।

## जैन संत को श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद लिया

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। अतिशय क्षेत्र बनेडिया में कल तीर्थ संरक्षिणी महासभा की प्रदेश इकाई के साथ दिगम्बर जैन समाजजनों ने भेंट कर आशीर्वाद लिया। संत ने प्रवचन भी दिए।

# विद्यार्थियों को सामग्री का वितरण

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



पालीवाल स्कूल एवं विद्या मंदिर खातीवाला टैंक में शिव शक्ति योग केंद्र स्कीम 103 द्वारा विद्यार्थियों को कॉपी, लंच बॉक्स, बैग एवं शिक्षण सामग्री का वितरण किया गया। नर्सरी से आठवीं तक के विद्यार्थियों को यह सामग्री जुटाई गई। प्रदीप पांडे, गोविंद मंगल, दिनेश जिंदल, मनोज जायसवाल, रमेशचंद्र शर्मा, लीनारत्न पारेख, अर्चना तिवारी, भावना जायसवाल, बंसी पटेल, डॉ. अभय दीपा खत्री, श्रुति हार्डिया, हरलाल पालीवाल, सोनिया वर्मा, सुरेश गुप्ता, हिना नीमा, बंशी पटेल, प्रेम गुप्ता, मोनिका खत्री, प्रतिभा खरे, रजनी किरण सेवा कार्य में मौजूद रहे।



# ग्रामीण क्षेत्र में विधिक जागरूकता शिविर

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने आनंद सर्विस सोसायटी में दिव्यांग बच्चियों के लिए विशेष विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मूक-बधिर (श्रवण एवं वाक बाधित) बच्चियों को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करना और उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना था मोनिका पुरोहित ने संस्था द्वारा दिव्यांग बच्चों के सशक्तिकरण के लिए किए जा रहे कार्यों का विस्तृत परिचय दिया। इस दौरान मृणालिनी शर्मा ने एक प्रस्तुति के माध्यम से उन प्रमुख चुनौतियों को रेखांकित किया, जिनका सामना ये बच्चे अक्सर दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनवाने, शिक्षा प्राप्ति और छात्रवृत्ति (स्कॉलरशिप) प्राप्त करने के दौरान करते हैं अधिकारियों ने दिया मार्गदर्शन कार्यक्रम में अतिरिक्त सचिव श्री अरविंद श्रीवास्तव ने मूक-बधिर विद्यार्थियों को मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की कार्यप्रणाली और योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उप-सचिव श्री अनिरुद्ध जैन ने आनंद सर्विस सोसायटी द्वारा किए जा रहे मानवीय कार्यों की सराहना की और बच्चों को प्रोत्साहित किया। शिवराज गवली, सुमन श्रीवास्तव, ज्ञानेन्द्र पुरोहित ने भी अपनी भूमिका निभाई।

# स्कूल में इन्वेस्टिचर सेरेमनी

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। देहली इंटरनेशनल स्कूल में इन्वेस्टिचर सेरेमनी 'नेतृत्व' शीर्षक के साथ गरिमापूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में आयोजित की गई। इस अवसर पर नव-निर्वाचित छात्र परिषद के सदस्यों को औपचारिक रूप से दायित्व सौंपे गए। सभी पदाधिकारियों ने पूरे शैक्षणिक वर्ष में नेतृत्व, अनुशासन, जिम्मेदारी एवं सेवा भाव के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की शपथ ली। समारोह के दौरान छात्र परिषद के



सदस्यों को बैज एवं सैश पहनाए गए। इसके पश्चात विद्यालय के कोषाध्यक्ष मोइनुद्दीन कुरैशी ने सभी पदाधिकारियों को पद की शपथ दिलाई। विद्यालय के डायरेक्टर इनायत हुसैन कुरैशी ने सभी नव-निर्वाचित छात्र परिषद सदस्यों को बधाई देते हुए उन्हें ईमानदारी, आत्मविश्वास एवं समर्पण के साथ नेतृत्व करने तथा अपने साथियों के लिए आदर्श बनने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य श्रुति चिंचवड़कर ने छात्र परिषद के सभी सदस्यों को बधाई दी।

# 81 जैन श्वेतांबर तपागच्छ संतों का एक साथ नगर प्रवेश

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। जैन श्वेतांबर देवसुर तपागच्छ समाज के लिए कल ऐतिहासिक और अविस्मरणीय बन गया। इंदौर की पावन धरा पर पहली बार देवसुर तपागच्छ के 81 संतों का एक साथ भव्य मंगल प्रवेश हुआ। इस बडे अवसर पर बडी संख्या में श्वेताम्बर जैन समाजजन मैजूद रहे। संतों के जय घोष लगे। महिलाओं ने सिर पर मंगल कलश धारण किए। बैण्ड-बाजा की मधुर धुन पर जगह-जगह अगवानी की गई, पुष्पवर्षा से स्वागत किया गया।



आचार्य राजचंद्रसुरेश्वर म.सा.विज्ञानप्रभसुरेश्वर म.सा. पंन्यासजी, गणिवर्यजी तथा साधु-साध्वी भगवंत सहित 81 संत गुजरात, महाराष्ट्र और राजस्थान से लंबी पदयात्रा कर इंदौर पहुंचे हैं। आगामी चार महीनों तक ये संत इंदौर के लगभग 20 प्रमुख श्रीसंघों में चातुर्मास कर धर्म आराधना एवं आध्यात्मिक मार्गदर्शन देंगे। विज्ञानप्रभसुरेश्वर म.सा. का चातुर्मास प्रवेश 26 जुलाई को रेसकोर्स रोड स्थित श्रीसंघ में होगा। इसके अतिरिक्त पिपली बाजार, तिलक नगर, कालानी नगर, कंचनबाग, रतनबाग, विजय नगर, महेश नगर, गुमास्ता नगर, द्वारकापुरी सहित विभिन्न श्रीसंघों में संतों का मंगल प्रवेश निर्धारित तिथियों पर संपन्न होगा।

# 589.63 हैक्टेयर वन भूमि अतिक्रमण से मुक्त

## सागौन रूट-शूट से होगा पुनर्वनीकरण, अतिक्रमणकारियों को सख्त कार्रवाई की चेतावनी



**धार ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** धार वन मंडल ने वन भूमि संरक्षण एवं अतिक्रमण नियंत्रण अभियान के तहत जनवरी से मई 2026 के बीच कड़ी कार्रवाई करते हुए कुल 589.63 हैक्टेयर वन भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया है। यह कार्रवाई वन विभाग के अधिकारियों के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन, पुलिस, ग्राम वन समितियों तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों के सहयोग से 7 वन परिक्षेत्रों में का गई। विभागीय कार्रवाई में वन परिक्षेत्र धार में 100.55 हैक्टेयर, धामनोद में 35.10हैक्टेयर, मांडव में 50.78 हैक्टेयर, सरदारपुर में 50.62 हैक्टेयर, टांडा में 93.76 हैक्टेयर, बाग में 202.82 हैक्टेयर तथा कुक्षी में 56.00 हैक्टेयर वन भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। धार वन मंडल में कुल 589.63 हैक्टेयर वन भूमि पुनः वन विभाग के संरक्षण में लाई गई।

# नई टंकी तक लाइन जोड़ने का हो रहा काम

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** सपना-संगीता मैनरोड़ पर स्नेहनगर और कांप्लेक्स सहित अन्य कालोनियों में नर्मदा की नई लाइन डालने का काम देर रात में भी किया जा रहा है। जिसके तहत मैनरोड़ पर दुकानों के सामने से खुदाई कर लाइन डालने का काम किया जा रहा है। जिससे आने वाले दिनों में इस क्षेत्र का जल संकट दूर हो जाएगा। साथ ही लोगों को नर्मदा का शुद्ध और पर्याप्त मात्रा में अच्छे प्रेशर के साथ पीने का पानी मिलने लगेगा।

**नई लाइन बिछाकर आधा दर्जन पॉश कालोनियों का भविष्य में दूर होगा जल संकट**

क्षेत्रीय पार्षद मृदुल अग्रवाल के प्रयासों से निगम द्वारा वार्ड 63 की पॉश कॉलोनी स्नेहनगर, नवलखा कॉम्प्लेक्स, पटेल नगर, सपना संगीता रोड़ के आसपास की आधा दर्जन से ज्यादा कालोनियों और कई गलियों की नर्मदा लाइन को नवलखा मजदूर चौक के पास तैयार नई बड़ी टंकी से लाइन जोड़ने का काम किया जा रहा है ताकि इस क्षेत्र का जलसंकट दूर किया जा सके।

खुदाई के बाद हाथों-हाथ **फुटपाथ पर ब्लाक लगाकर हो रहा संवारने का काम-** लाइन डालने के लिए खुदाई के बाद निगम द्वारा सपना-संगीता मेंनरोड पर दुकानों के बाहर फुटपाथ पर संवारने के लिए आकर्षक ब्लॉक लगाकर सौंदर्य करण का काम भी किया जा रहा है ताकि लाइन डालने के बाद फुटपाथ की सुंदरता और खूबसूरती में किसी प्रकार की कमी नजर ना आए।

# गणेश चतुर्थी में अभी दो माह की देरी, मूर्तियां बनाने का काम शुरू

**इंदौर में बंगाल सहित बाहर से आने वाले मूर्तिकारों ने शुरू कर दिया निर्माण**

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** गणेश चतुर्थी आने में अभी भले ही दो माह की देरी हो लेकिन शहर में बाहर से आने वाले मूर्तिकारों ने गणेश जी की मूर्तियां बनाना शुरू कर दी है। स्थानीय कलाकारों के साथ पश्चिम बंगाल, यूपी, गुजरात और राजस्थान से आने वाले मूर्तिकारों ने शहर के विभिन्न स्थानों में अपना डेरा डालकर पिछले कई दिनों से मूर्तियां बनाना शुरू भी कर दिया है। जिन में प्रमुख रूप से खजराना, बंगाली चौराहा, कनाडिया रोड, मयूर नगर, खातीपुरा, मूसाखेड़ी क्षेत्र में इन दिनों गणेश जी की एक से बढ़कर एक मूर्तियां बनाना शुरू कर दिया है।

**कलाकारों द्वारा मिट्टी की विभिन्न अलग-अलग बनाई जा रही है प्रतिमा-**शहर में बाहर से आए मूर्तिकारों और स्थानीय कलाकारों द्वारा गणेश जी के अलग-अलग स्वरूप में प्रतिमाएं तैयार की जा रही है। स्थानीय मयूर नगर के मूर्तिकार ईशान लश्करी ने बताया कि गणेश जी को बाहुबली श्रीनाथजी के रूप में, खाटूश्याम जी के रूप में, कृष्ण के रूप में, शिव परिवार के साथ महाराष्ट्रीयन और होलकर पगड़ी में विभिन्न स्वरूप में गणेश जी की एक से बढ़कर एक आकर्षक प्रतिमा बनाई जा रही है। जो आने वाले दिनों में अपने पूर्ण रूप में नजर आने लगेगी। वहीं इस बार 14 सितंबर से गणेश चतुर्थी महोत्सव का 11 दिवसीय दौर शुरू होगा जो इस बार 25 सितंबर तक चलेगा।



# मुख्यमंत्री का स्वागत कर माना आभार

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** धार जिले के औद्योगिक क्षेत्र पीथमपुर में बड़ी सौगात के लिए पहुंचे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का कनिष्ठ सेवासंघ ने स्वागत किया और प्रदेश में पदोन्नति प्रक्रिया फिर से शुरू हो जाने के निर्णय पर मुख्यमंत्री का आभार भी माना। इस दौरान इंदौर संभाग आयुक्त डॉ. सुदाम खाड़े भी मौजूद रहे।

# गर्ल्स हॉस्टल तक हो रही सड़क तैयार

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** निगम जोन 11 के वार्ड क्रमांक 55 के अंतर्गत नगर भाजपा कार्यालय के सामने से लेकर रूबल गर्ल्स हॉस्टल तक अब बेहद जल्द एक और नई सीमेंट सड़क की सौगात मिलने वाली है। जिसको लेकर क्षेत्र के रहवासियों की मांग पर निगम ने हाल ही में निविदा भी जारी कर दी है। जिसके अंतर्गत इसी माह के अंत में निगम निविदा संबधित प्रक्रिया के बाद लगभग 20 लाख रुपए से ज्यादा खर्च कर यहां बड़े हिस्से में निगम द्वारा नई सीमेंट सड़क का निर्माण किया जाएगा। जिससे इस मानसून सीजन में पॉश कालोनी जावरा कंपाउंड क्षेत्र के सैकड़ों रहवासी परिवारों को बारिश में नई सड़क निर्माण से बड़ी राहत मिलेगी। इसको लेकर निगम की ओर से तैयारी भी शुरू हो गई।

**छावनी और जावरा कंपाउंड क्षेत्र में लगातार बिछ रहा सड़कों का जाल –** गौरतलब है कि निगम द्वारा वर्तमान में विधानसभा तीन के अंतर्गत जावरा कंपाउंड और छावनी क्षेत्र की विभिन्न गलियों और करीब आधा दर्जन से ज्यादा कालोनी और गलियों में नई सीमेंट सड़कों का निर्माण लगातार किया जा रहा है। इसी के अंतर्गत अब करनावत पान सदन से रूबल गर्ल्स होस्टल की ओर भीतर तक नई सड़क की सौगात मिलने वाली है। जिसका क्षेत्र के रहवासियों को लंबे समय से इंतजार था। वहीं अब क्षेत्रीय विधायक गोलू शुक्ला के प्रयासों से निगम द्वारा वार्ड 55 के अंतर्गत जावरा कंपाउंड क्षेत्र की एक और गली में सीमेंटेड सड़क का निर्माण किया जाएगा। जिससे भविष्य में छावनी क्षेत्र के साथ श्रद्धानंद मार्ग और आरएनटी मार्ग, एमवाय के आसपास की सभी सड़कों का निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा।

# कंचनबाग में प्रस्तावित आदर्श गार्डन में होगी डिजाइनर पोल पर आकर्षक प्रकाश व्यवस्था



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** जोन क्रमांक 11 के अंतर्गत पॉश कॉलोनी कंचन बाग में प्रस्तावित आदर्श गार्डन बगीचे में बेहद जल्द निगम द्वारा रोशनी के लिए डिजाइनर इलैक्ट्रिक पोल पर आकर्षक प्रकाश व्यवस्था करने की तैयारी है। जिससे नवीन गार्डन में निगम लाखों रुपए खर्च कर संपूर्ण बगीचे में नई लाइटिंग लगाकर जगमगाहट करेगा। इसको लेकर निगम की ओर से तैयारी भी शुरू हो गई है। इसके अलावा इस नवीन प्रस्तावित आदर्श गार्डन को आदर्श बनाने के लिए निगम द्वारा कई प्रस्तावित सौंदर्यकरण और सजाने-संवारने के अन्य कार्य भी किए जाएंगे।

खास बात यह है कि कंचन बाग स्थित पुराने बगीचे को आदर्श बगीचा बनाने के लिए निगम द्वारा सौंदर्य करण की योजना के अंतर्गत बगीचे में आकर्षण लाइटिंग लगाकर प्रकाश व्यवस्था करने के साथ यहां आने जाने वाले लोगों के लिए शानदार बैठक व्यवस्था भी की जाएगी जिसके लिए यहां आकर्षक डिजाइनर रंगीन बेंच लगेगी। साथ ही बगीचे में घूमने आने वाले सीनियर सिटीजन के लिए विशेष रूप से छत वाले झूले लगेंगे जिसमें क्षेत्र के बुजुर्ग सुबह और शाम आराम से बैठकर झूले-झूलने के साथ बारिश के दिनों में भी यहां आराम से बैठ सकेंगे। इसके अलावा सजाने संवारने के अंतर्गत यहां एक से बढ़कर एक आकर्षक पेड़ पौधे भी लगाए जाएंगे जो गार्डन की शोभा बढ़ाएंगे।

# मुख्य सड़क निर्माण के लिए तीसरी बार तैयारी

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** जोन 4 के अंतर्गत आने वाले वार्ड क्रमांक 17 से जुड़े क्षेत्र जगदीश नगर में लंबे समय से मुख्य सड़क पर सीमेंट कंक्रीट कार्य के लिए क्षेत्र के रहवासियों की मांग पर निगम प्रयास कर रहा है। लेकिन हालात यह है कि दो से तीन बार प्रयास करने के बाद भी यहां का काम लेने के लिए फ़िलहाल कोई ठेकेदार अभी तैयार नहीं हुआ है। इसीलिए निगम द्वारा तीसरी बार प्रयास करते हुए करीब 75 लाख रुपए के आसपास की लागत से बनने वाली मुख्य सड़क और आसपास की गलियों की सड़क निर्माण के लिए एक बार फिर से प्रयास करते हुए टेंडर प्रक्रिया के तहत निविदा जारी की गई है। जिससे क्षेत्र के रहवासियों को अब उम्मीद है कि जल्द यहां इसी माह आने वाले दिनों में प्रक्रिया पूरी होने के बाद सड़क निर्माण कार्य शुरू हो जाने से लोगों को बड़ी राहत मिल सकती है। जिसके लिए निगम द्वारा यहां महीनों से ऊबड़-खाबड़ सड़क के बजाय नई सीमेंट सड़क का निर्माण शुरू कर दिया जाए ताकि लोगों को ज्यादा परेशान न होना पड़े।

खास बात यह है कि जगदीश नगर क्षेत्र में ड्रेनेज और नर्मदा लाइन डालने के कारण पिछले छह माह से भी ज्यादा समय से खुदाई और आधी - अधूरी सड़क के कारण लोगों को भारी परेशानी हो रही है। यही नहीं क्षेत्र के रहवासियों की लगातार मांग पर निगम और जनप्रतिनिधियों प्रयास के बाद भी अभी तक किसी ठेकेदार द्वारा यहां का काम नहीं लेने से अब बारिश के मौसम में लोगों को और ज्यादा परेशानी हो रही है। इधर लोगों की परेशानी दूर करने के लिए निगम ने एक बार फिर से टेंडर प्रक्रिया के तहत निविदा जारी की है , जिसके अंतर्गत इसी माह में बेहद जल्द क्षेत्र की इस मुख्य सड़क का निर्माण कार्य शुरू होने की उम्मीद है, जिससे लोगों की परेशानी दूर होगी।

## संपादकीय

# हर बरसात में डूबते शहर, दरकते पहाड़, आखिर कब होगी तैयारी पूरी?

देश में मानसून के दौरान होने वाले जान-माल के नुकसान की एक बड़ी वजह खराब बुनियादी ढांचे, अनियोजित शहरीकरण, जलनिकासी की माकूल व्यवस्था न होना, अवैज्ञानिक एवं अवैध तरीके से खनन और वनों की अंधाधुंध कटाई है। भारी बारिश के बीच जलमग्न शहर, भूस्खलन प्रभावित पहाड़ी क्षेत्र और राहत-बचाव अभियान को दर्शाती सांकेतिक फीचर इमेज, जो मानसून के दौरान बाढ़, जलभराव और आपदा प्रबंधन की चुनौतियों को दर्शाती है। देश के कई हिस्सों में लगातार हो रही भारी बारिश, जलभराव और भूस्खलन की घटनाएं इस बात की याद दिलाती हैं कि प्राकृतिक आपदाओं के प्रभाव को कम करने के लिए समय रहते मजबूत बुनियादी ढांचे और प्रभावी आपदा प्रबंधन की आवश्यकता है। देश भर में हर साल मानसून का बेसब्री से इंतजार किया जाता है, क्योंकि कृषि, पेयजल, ऊर्जा और गर्मी से राहत के दृष्टिकोण से इसे जीवन का आधार माना जाता है। मगर जब मानसून भारी बारिश के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज कराता है, तो जीवन की रफ्तार थम जाती है। मैदानों में सड़कों पर जलभराव से यातायात ठप हो जाता है और बाढ़ की वजह से कई लोगों को अपने घर छोड़ने पड़ते हैं। वहीं, पहाड़ों पर भूस्खलन और बादल फटने की घटनाएं कई जिंदगियों को लील लेती हैं। शासन-प्रशासन की ओर से इसे प्राकृतिक आपदा का नाम दिया जाता है, लेकिन असल में इसके लिए काफी हद तक मानव-निर्मित परिस्थितियां भी जिम्मेदार होती हैं। इस बार भी मानसून को आए अभी ज्यादा दिन नहीं हुए हैं और जम्मू-कश्मीर से लेकर केरल तक बाढ़, भूस्खलन तथा जलभराव का सिलसिला शुरू हो गया है। केरल के वायनाड में बीते मंगलवार को हुए भूस्खलन में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच अभी तक लापता हैं। मुंबई पहले से ही भारी बरसात से बेहाल है और बुधवार को बारिश से दिल्ली का भी यही हाल हो गया। देश में मानसून के दौरान होने वाले जान-माल के नुकसान की एक बड़ी वजह खराब बुनियादी ढांचे, अनियोजित शहरीकरण, जलनिकासी की माकूल व्यवस्था न होना, अवैज्ञानिक एवं अवैध तरीके से खनन और वनों की अंधाधुंध कटाई है। भारी बारिश, बाढ़ और भूस्खलन के कारण हर साल सैकड़ों जानें जाती हैं और करोड़ों रुपए की संपत्ति नष्ट हो जाती है। मैदानी इलाकों में महानगरों से लेकर छोटे शहरों में ढांचागत विस्तार तो हो रहा है, लेकिन मुख्य रूप से जल निकासी की व्यवस्था पर ध्यान नहीं दिया जाता है। हर साल बरसात से पहले नालियों की साफ-सफाई के लिए विशेष अभियान शुरू किए जाते हैं, लेकिन इनका क्रियान्वयन ज्यादातर सरकारी कागजों तक ही सीमित रहता है। इसी का नतीजा है कि दिल्ली से लेकर महाराष्ट्र और गुजरात तक इन दिनों लोगों को जलभराव एवं बाढ़ की स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। अक्सर यह देखा जाता है कि इस तरह की आपदा के बाद प्रशासन की ओर से जोर-शोर से राहत कार्य शुरू किए जाते हैं, लेकिन यही सतर्कता और गंभीरता अगर बरसात से पहले दिखाई जाए, तो नुकसान को निश्चित तौर पर कम किया जा सकता है। भू-विशेषज्ञों के मुताबिक, हिमालयी क्षेत्रों और पश्चिमी घाटों में अंधाधुंध खनन, वनों की कटाई तथा अनियंत्रित ढांचागत निर्माण के कारण मिट्टी की पकड़ कमजोर हो रही है। इसी कारण भारी बारिश और बादल फटने से पहाड़ दरक रहे हैं, जिससे बड़े पैमाने पर जान-माल का नुकसान हो रहा है। केरल के वायनाड में भूस्खलन की घटना इसका ताजा उदाहरण है। खबरों के मुताबिक, इस जगह एक सुरंग निर्माणाधीन है और पहाड़ी से निकाली गई मिट्टी भी पास में ही डाली गई थी। भारी बारिश से पहाड़ी का एक हिस्सा टूटकर मलबे के साथ नीचे आ गया। इसी कारण अब परियोजना कंपनी के कार्य पर भी सवाल उठ रहे हैं। इसमें दोराय नहीं कि जलवायु परिवर्तन के कारण हाल के वर्षों में मौसम का मिजाज काफी बदल गया है। कभी सूखा, तो कभी बहुत कम समय में अत्यधिक बारिश से हालात भयावह हो जाते हैं।

## सोना-चांदी के आज के भाव



| गोल्ड कैश | एमसीएक्स |
|---|---|
| 142200 | 143400 |
| सिल्वर कैश | एमसीएक्स |
| 225000 | 222500 |

फिजिकल भाव 1 बजे ओपन होता है ▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

## कलयुगी बेटे-बहू की बर्बरता

# बुजुर्ग माता-पिता को पीटकर अपने ही मकान से निकाला

**इंदौर।** लसूडिया थाना क्षेत्र के स्कीम नंबर 78 में रिश्तों को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। यहाँ एक कलयुगी बेटे और बहू ने मर्यादाओं को ताक पर रखकर अपनी 60 वर्षीय वृद्ध मां और पिता के साथ न केवल गाली-गलौच और मारपीट की, बल्कि उन्हें जान से मारने की धमकी देकर उनके खुद के स्वामित्व वाले मकान से जबरन बाहर निकाल दिया। आर्थिक और शारीरिक रूप से कमजोर बुजुर्ग दंपत्ति अब दर-दर भटकने के बाद एक किराए के मकान में रहने को मजबूर हैं। लसूडिया थाना पुलिस ने पीड़ित मां की शिकायत पर क्रूर बेटे और बहू के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार फरियादी कमला बाई पति श्रीराम पांडे (60) निवासी.स्कीम नंबर 78 ने थाने पहुंचकर अपने ही सगे बेटे मुकेश वर्मा (पांडे) और पुत्रवधु अलका वर्मा (पांडे) के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। वृद्धा ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा और बहू पिछले काफी समय से उनके साथ अमानवीय व्यवहार कर रहे हैं। दोनों आए दिन छोटी-छोटी बातों पर उनके साथ गाली-गलौच करते थे और विरोध करने पर हाथ-मुक्कों से मारपीट पर उतारू हो जाते थे। हद तो तब हो गई जब दोनों आरोपियों ने बुजुर्ग माता-पिता को डरा-धमकाकर उनके ही घर से बेदखल कर दिया। पीड़िता कमला बाई का आरोप है कि उनकी पुत्रवधु अलका ने उन्हें समाज में बुरी तरह अपमानित किया और ससुर पर झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी दी। जान से मारने की धमकी मिलने और रोज-रोज के शारीरिक व मानसिक टॉर्चर से घबराकर बुजुर्ग दंपत्ति को अपना खुद का घर छोड़ना पड़ा। वर्तमान में दोनों वृद्ध माता-पिता बेहद दयनीय स्थिति में एक छोटे से किराए के मकान में जीवन बसर कर रहे हैं। बुजुर्गों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए लसूडिया पुलिस ने दोनों आरोपी बेटे-बहू के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है और आगे की वैधानिक कार्रवाई कर रही है।

# रिलेशनशिप का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म

**इंदौर।** भंवरकुआं थाना क्षेत्र के भोलाराम उस्ताद मार्ग पर एक महिला को रिलेशनशिप और साथ रहने का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने और बाद में मुकर जाने का मामला सामने आया है। आरोपी ने पीड़िता को अपने जाल में फंसाकर उसका शारीरिक शोषण किया और फिर अचानक बात करना बंद कर दिया। भंवरकुआं थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर ग्वालियर निवासी आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार,एक 30 वर्षीय पीड़िता ने थाने पहुंचकर आरोपी आदित्य लोधी पिता धारा सिंह लोधी निवासी ग्राम खेरिया, जिला ग्वालियर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता ने पुलिस को अपनी आपबीती बताते हुए कहा कि उसकी आरोपी आदित्य से पहले से दोस्ती थी। इसी दोस्ती का फायदा उठाते हुए आदित्य ने उससे अपने प्यार का इजहार किया और कहा कि तुम मेरे साथ रिलेशनशिप में आ जाओ, हम दोनों हमेशा साथ में रहेंगे। आरोपी के झांसे में आकर पीड़िता भोलाराम उस्ताद मार्ग स्थित एक कमरे में उसके साथ रहने लगी, जहाँ आरोपी ने उसकी मर्जी के खिलाफ कई बार शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद आरोपी आदित्य ने अचानक अपने वादे से पलटते हुए पीड़िता को अपने साथ रिलेशनशिप में रखने से साफ मना कर दिया और उससे पूरी तरह संपर्क तोड़ लिया। ठगे जाने का अहसास होने पर पीड़िता ने पुलिस की शरण ली।

# बुजुर्ग की जेब काटी... नकदी, एटीएम और जरूरी दस्तावेज से भरा पर्स उड़ाया

**इंदौर।** छोटी ग्वालटोली थाना क्षेत्र के कालका माता मंदिर के पास एक बुजुर्ग व्यक्ति के साथ जेबकतरी की वारदात सामने आई है। यहाँ मंदिर के समीप भीड़भाड़ का फायदा उठाकर एक अज्ञात शातिर जेबकतरे ने बुजुर्ग की जेब में रखा पर्स बड़ी सफाई से उड़ा लिया। पर्स में नकदी रुपयों के साथ-साथ एटीएम कार्ड और अत्यंत महत्वपूर्ण सरकारी दस्तावेज रखे हुए थे। छोटी ग्वालटोली थाना पुलिस ने पीड़ित बुजुर्ग की शिकायत पर अज्ञात जेबकतरे के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार फरियादी महेश पिता लालचंद यादव (64) निवासी गरीब नवाज कॉलोनी, छोटा बांगड़दा ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। बुजुर्ग फरियादी ने पुलिस को बताया कि वे छोटी ग्वालटोली क्षेत्र में स्थित कालका माता मंदिर के पास से गुजर रहे थे, तभी वहां अचानक एक अज्ञात व्यक्ति उनके बेहद करीब आया। जब तक वे कुछ समझ पाते, वह व्यक्ति उनकी जेब पर हाथ साफ कर चुका था। कुछ देर बाद जब महेश ने अपनी जेब संभाली, तो उनका पर्स गायब था। पीड़ित के मुताबिक, चोरी गए पर्स में 4 हजार रुपये की नकदी, बैंक ऑफ इंडिया का एक एटीएम कार्ड तथा उनका और उनके बेटे प्रवीण यादव के मूल पहचान दस्तावेज रखे हुए थे।

# पासपोर्ट सत्यापन की बेहतरी के लिए सम्भागीय प्रशिक्षण कार्यशाला



**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** क्षेत्रीय स्तर पर पासपोर्ट सत्यापन के कार्य को और बेहतर करने के उद्देश्य से संभाग स्तरीय पुलिस प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन कमिश्नर कार्यालय पर किया गया। पासपोर्ट मामले में लोगों को गुणवत्तापूर्ण पासपोर्ट सेवा उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया। पासपोर्ट कार्य को प्रभावी, पारदर्शी बनाने के लिए विचार किया गया तथा सत्यापन के दौरान महत्वपूर्ण पहलुओं एवं सावधानियों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया। कार्यशाला का उद्देश्य पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की कार्यकुशलता को और अधिक सुदृढ़ बनाते हुए आमजन को शीघ्र, सरल एवं बेहतर पासपोर्ट सेवाएं उपलब्ध कराना तथा पुलिस एवं पासपोर्ट विभाग के मध्य समन्वय को और अधिक प्रभावी बनाना रहा। पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह, पासपोर्ट अधिकारी शीतांशु चौरसिया, सुमित कुमार, रवि माने, वरिष्ठ पुलिस अधिकारी आर.के. सिंह, अमनसिंह राठौर, रश्मि मिश्रा, प्रियंका डुडवे एवं सम्भाग के सभी जिलों के पासपोर्ट सत्यापन कार्य देखने वाले कर्मी मौजूद रहे।

# मेटल दुकान पर काम करने वाली युवती की तलाश जारी

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** सराफा थाना क्षेत्र के बर्तन बाजार की एक मेटल दुकान पर काम करने वाली युवती सोमवार को काम करने के बाद रात को घर नहीं पहुंची तो परिजनों ने पुलिस को शिकायत की है। परिजनों ने रिश्तेदार और आसपास के लोगों से भी जानकारी जुटाई लेकिन युवती का पता नहीं चला। पुलिस भी तलाश कर रही है। सराफा थाना प्रभारी ने बताया कि युवती की तलाश की जा रही है। पुलिस ने क्षेत्र के फुटेज भी खंगाले है और मोबाइल लोकेशन के आधार पर भी जांच की जा रही है। युवती बाणगंगा थाना क्षेत्र में रहती है। युवती के परिजनों ने सीएम हेल्पलाइन पर भी शिकायत की है।

# विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा से जोड़ने के लिए लगेगा प्रवेश मेला

## 15 जुलाई तक महाविद्यालयों में आयोजन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश के सभी शासकीय, अशासकीय एवं निजी महाविद्यालयों में रिक्त सीटों पर अधिक से अधिक विद्यार्थियों को प्रवेश उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कल 8 जुलाई से शुरू होकर 15 जुलाई तक 'प्रवेश मेला' आयोजित किया जा रहा है। अतिरिक्त सीएलसी राउंड के दौरान प्रवेश प्रक्रिया को गति देने एवं पात्र विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा से जोड़ने के लिए यह विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। प्रवेश मेले के दौरान महाविद्यालयों में विद्यार्थियों को एक ही स्थान पर पंजीयन, चॉइस फिलिंग एवं संशोधन, दस्तावेज सत्यापन, सीट आवंटन संबंधी मार्गदर्शन तथा शुल्क भुगतान की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे पात्र विद्यार्थी उसी दिन अपनी प्रवेश प्रक्रिया पूरी कर सकेंगे। महाविद्यालयों में प्रवेश मेला प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक संचालित होगा। महाविद्यालयों द्वारा पोर्टल पर उपलब्ध लंबित पंजीयन, सत्यापन, प्रवेश प्रस्ताव प्राप्त करने के बाद भी शुल्क जमा नहीं करने वाले विद्यार्थियों की सूची का परीक्षण कर उनसे व्यक्तिगत रूप से संपर्क किया जाएगा। विद्यार्थियों की समस्याओं का समाधान कर उन्हें प्रवेश लेने के लिए प्रेरित किया जाएगा, जिन पाठ्यक्रमों एवं संकायों में रिक्त सीटों की संख्या अधिक है, वहां विशेष प्रयास किए जाएंगे। विद्यार्थियों को उपलब्ध पाठ्यक्रमों, विषय चयन एवं चॉइस संशोधन के संबंध में आवश्यक परामर्श प्रदान किया जाएगा। साथ ही स्थानीय विद्यालयों, जनप्रतिनिधियों, पालकों एवं पूर्व विद्यार्थियों के सहयोग से प्रवेश जन-जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा। प्रत्येक महाविद्यालय में प्राचार्य की निगरानी में प्रतिदिन प्रवेश की समीक्षा की जाएगी तथा विभागवार एवं संकायवार लक्ष्य निर्धारित कर कार्यवाही की जाएगी। जिला नोडल अधिकारी अधिक रिक्त सीट वाले महाविद्यालयों की विशेष निगरानी करेंगे और आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराएंगे।

# आयोग अध्यक्ष ने की बैठक

## विद्यार्थियों के स्कूल बैग वजन, शुद्ध पेयजल और बस-वैन में बैठाने को लेकर हुई चर्चा



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष डॉ. अवधेश प्रताप सिंह ने रेसीडेंसी कोठी पर आयोग मित्रों के साथ बैठक आयोजित की। बैठक में इंदौर स्थित शिकायत प्रकोष्ठ कार्यालय के रिनोवेशन, बच्चों के स्कूल बैग के वजन के मानक तय किये जाने सहित अन्य विषयों पर चर्चा हुई। बैठक में स्कूली बच्चों के स्कूल बैग के वजन के मानक तय किये जाने और स्कूली बस, वेन आदि में निर्धारित क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाने, शुद्ध पेयजल आपूर्ति आदि विषयों पर भी चर्चा की गई। रवि अतरोलिया, डॉ. अवनीश जैन, पराग अग्रवाल बैठक में शामिल रहे।

### कीटनाशक, उर्वरक एवं बायोस्टीमुलेंट क्रे अवैध काम पर कार्रवाई

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशानुसार जिले में उर्वरक, कीटनाशक व बीज गुण नियंत्रण अंतर्गत सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत विगत दिवस जिला स्तरीय गुण नियंत्रण दल द्वारा इंदौर के मेसर्स रेक्सोन क्राप केयर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड नटबोल्ट चौराहा मांगलिया स्थित गोदाम का निरीक्षण किया गया। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के संचालक द्वारा बताया गया कि निरीक्षण के दौरान कीटनाशक, उर्वरक एवं बायोस्टीमुलेंट का अवैध रूप से निर्माण एवं भण्डारण किया जाना पाया गया जिसे अधिकारियों ने गलत माना। जिला उर्वरक कीटनाशी निरीक्षक सह कृषि विकास अधिकारी द्वारा कंपनी के संचालक मनदीप के विरूद्ध पुलिस थाना लसूडिया मोरी देवास नाका इन्दौर में एफआईआर दर्ज करवाई गई।

# स्वयं पोर्टल के कोर्स से विद्यार्थियों को 40 प्रतिशत तक क्रेडिट पॉइंट

**ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए यूजीसी ने उच्च शिक्षा संस्थानों को जारी किए निर्देश**

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** अनुदान आयोग (यूजीसी) ने सभी विश्वविद्यालयों और कॉलेजों के लिए महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। यूजीसी ने कहा है कि जुलाई 2026 सेमेस्टर से स्वयं पोर्टल पर शुरू होने वाले एमओओसी कोर्स को शैक्षणिक पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया जाए। यूजीसी का मानना है कि इससे दूरदराज के विद्यार्थियों को भी देश के श्रेष्ठ शिक्षकों से पढ़ने का मौका मिलेगा। साथ ही यह शिक्षा को सस्ती और सुलभ भी बनाएगा। आयोग ने अपने पत्र में स्पष्ट किया है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और यूजीसी के क्रेडिट फ्रेमवर्क के तहत कोई भी उच्च शिक्षा संस्थान अपने किसी भी डिग्री या डिप्लोमा प्रोग्राम में 40 प्रतिशत तक क्रेडिट पॉइंट ऑनलाइन कोर्स के माध्यम से दे सकता है। इसका मतलब है कि अगर कोई छात्र 4 साल की डिग्री कर रहा है तो उसके 160 क्रेडिट में से 64 क्रेडिट पॉइंट तक वह स्वयं के कोर्स करके पूरा कर सकता है।

# स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के लिए वैल्यू एडेड कोर्स का चयन अनिवार्य

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप उच्च शिक्षा विभाग द्वारा स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए वैल्यू एडेड कोर्स, संवैधानिक, मानवीय एवं नैतिक मूल्य तथा पर्यावरण शिक्षा एवं स्थिरता आधारित पाठ्यक्रमों का चयन अनिवार्य किया गया है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा जारी 'करीकुलम एण्ड क्रेडिट फ्रेमवर्क फॉर पोस्टग्रेजुएट प्रोग्राम्स (सीसीएफपीजी), जून-2024' तथा स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के नवीन अध्यादेश के प्रावधानों के अनुसार प्रत्येक स्नातकोत्तर विद्यार्थी को द्वितीय सेमेस्टर में 2 क्रेडिट पॉइंट का एक वैल्यू एडेड पाठ्यक्रम लेना होगा। विद्यार्थियों की सुविधा के लिए उच्च शिक्षा विभाग द्वारा विभिन्न विषय समूहों अंतर्गत पाठ्यक्रम उपलब्ध कराए गए हैं। इनमें रोजगार एवं उद्यमिता कौशल, योग एवं ध्यान द्वारा तनाव प्रबंधन, पर्यावरण मनोविज्ञान, शोध लेखन कौशल, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, बिजनेस एथिक्स, बिजनेस एनालिटिक्स, नवाचार एवं उद्यमिता जैसे विषय शामिल हैं। इन पाठ्यक्रमों का उद्देश्य विद्यार्थियों को विषय ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक कौशल, नैतिक मूल्यों, नवाचार क्षमता एवं रोजगारपरक दक्षताओं से जोड़ना है। सभी विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों को निर्देशित किया गया है कि विद्यार्थियों को उनकी शैक्षणिक आवश्यकता और विषय की उपयोगिता के अनुसार इन पाठ्यक्रमों के चयन में आवश्यक मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाए। इस पहल से स्नातकोत्तर विद्यार्थियों को बदलते समय की आवश्यकताओं के अनुरूप कौशल आधारित एवं मूल्यपरक शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

### ऑल इंडिया आइपीएससी स्क्वॉश स्पर्धा के तीनों वर्गों में मेजबान टीम जीती

**इंदौर ।** मेजबान एमरल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल के खिलाड़ियों ने आक्रामक खेल का सिलसिला जारी रखते हुए प्रतिष्ठित ऑल इंडिया आइपीएससी स्क्वॉश स्पर्धा के तीनों वर्गों में खिताब की ओर कदम बढ़ाए। बालिका वर्ग में आयोजित हो रही इस स्पर्धा में देश के विभिन्न राज्यों की टीमें हिस्सा ले रही हैं।

स्पर्धा में बुधवार को अंडर-14 बालिका वर्ग में मेजबान एमरल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल ने मध्य प्रदेश की चुनौती आगे बढ़ाते हुए डीपीएस आरकेपुरम की मजबूत टीम को 2-1 से पराजित किया। एमरल्ड हाईट्स की काव्या झंवर ने दिल्ली की अनुरित कौर को आसानी से 11-0, 11-4 से पराजित किया। दूसरे एकल मैच में दिल्ली की रोहाना ने एमरल्ड हाइट्स की समाया टेकवानी को 11-4, 11-8 से हराते हुए अपनी टीम को बराबरी दिलाई। तीसरे एकल मैच में एमरल्ड हाईट्स की पुनिका रामपुरिया ने दिल्ली की जिया साहनी को 11-1, 11-0 से हराकर अपनी टीम को जीत दिलाई।

# निगम ने भी खोल रखा है फायर नियंत्रण को लेकर मोर्चा






**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** नगर निगम भी अब संभावित अग्नि दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं प्रभावी नियंत्रण पर कार्रवाई कर रही है। निगम का फायर विभाग और भवन अनुज्ञा शाखा भी शहर के विभिन्न व्यावसायिक, शैक्षणिक एवं सार्वजनिक प्रतिष्ठानों एवं होटलों में फायर सुरक्षा संबंधी सर्वे कार्य किया जा रहा है। भवन अधिकारी एवं भवन निरीक्षक भवन अनुज्ञा शाखा, नगर पालिक निगम इंदौर द्वारा शहर के सभी हाई फुट फाल क्षेत्रों में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था लगाने कार्य करवाया जा रहा है। जिन भवन में अग्नि सुरक्षा उपकरण नहीं लगे है अथवा उपकरण बंद है उनमें भवन स्वामियों/संचालकों को नोटिस जारी किए गए है भवन जिनमें अग्नि सुरक्षा व्यवस्था नहीं की गई है अथवा सुरक्षा उपकरण बंद पाए गए ऐसे 152 भवनों को सील करने की कार्यवाही की जा चुकी है।

# खाद्य विभाग ने जंग लगे चाकू भी भोजनशाला से हटवाए





**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** लगातार होटल, स्कूल में प्रशासन का खाद्य विभाग चैकिंग कर कार्वाई कर रहा है। एसडीपीएस इंटरनेशनल स्कूल खंडवा रोड का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय के किचन एवं भंडार कक्ष का विस्तृत परीक्षण किया गया। यहां सैम्पल भी लिए गए। यहां चाकू पर जंग लगे हुए थे, जिन्हें हटाया गया, जो कमियां पाई गई उसे ठीक करने के निर्देश भी दिए।

### एशियाई अंडर-19 और अंडर-23 चैंपियनशिप में मुक्केबाजों ने नौ पदक पक्के किए

**नई दिल्ली।** भारत की अंडर-23 महिला मुक्केबाजों ने एशियाई अंडर-19 और अंडर-23 मुक्केबाजी चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए बुधवार को नौ वर्ग के सेमीफाइनल में जगह बनाकर पदक पक्के किए। तनु (51 किग्रा) ने थाईलैंड की केवालिन नोरासिंग के खिलाफ 5-0 से एकतरफा जीत दर्ज की जबकि निशा (54 किग्रा) ने क्वार्टर फाइनल में कजाखस्तान की आलियाक्सर सिम्बैट के खिलाफ इसी अंतर से जीत हासिल की।

# उद्यान की झोपड़ी पर गिरा पेड़



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** विधानसभा 3 के वार्ड 63 मनीषबाग कालोनी के उद्यान में बड़ा पेड़ गुलमोहर का लगा था कल वह पेड़ अचानक झोपड़ी पर जा गिरा। यह तो गनीमत रही कि इस झोपड़ी में कोई नहीं थी, जबकि दो-तीन लोग यहां बेंच पर बैठे रहते हैं, योग संयोग से भी उस वक्त गार्डन में भी कोई नहीं घूम रहा था। इसकी जानकारी निगम के उद्यान विभाग को दी गई थी उसके बाद भी निगम की ओर से कोई अधिकारी या दरोगा यहां नहीं पहुंचा। क्षेत्रीय पार्षद मृदुल अग्रवाल को इसकी जानकारी दी गई। मृदुल अग्रवाल ने तत्काल जानकारी ऊपर तक दी तब जाकर कर्मचारी आए और पेड़ की छटनी कर वहां से गिरे पेड़ को हटाया गया।

# काश्वी और महीप को दोहरी सफलता, हर्ष, किआन, त्रिशिर और काव्या को भी खिताब



**इंदौर ।** सरताज अकादमी और अमेच्योर बैडमिंटन एकेडमी के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित योनेक्स सनराइज ट्राफी बैडमिंटन स्पर्धा में काश्वी कुशवाह ने 9 और 11वर्ष बालिका एवं महीप छाबडा ने 9और 11 वर्ष बालक वर्ग खिताब हासिल कर दोहरी सफलता प्राप्त की । हर्ष बढ़े ने रोमांचक मुकाबले में 15वर्ष बालक एकल का खिताब जीता । किआन सालगिया ने 13वर्ष बालक और त्रिशिर पाटीदार ने 17 वर्ष बालक एकल का खिताब हासिल किया । धनवी छाबडा ने 13वर्ष और काव्या छाबडा ने 15 वर्ष बालिका खिताब जीता, सरताज अकादमी के प्रखर राठौर को विशेष पुरस्कार दिया गया । बैडमिंटन इंडिया टेक्निकल आफिशियल्स एसोसिएशन (बिटोआ ) उपाध्यक्ष, सरताज अकादमी प्रबंध निदेशक धर्मेश यशलहा ने पुरस्कार वितरण किया ।

अमेच्योर बैडमिंटन एकेडमी में विश्व बैडमिंटन दिवस और सरताज अकादमी के 33वें स्थापना दिवस उपलक्ष में आयोजित इस स्पर्धा में अमेच्योर -सरताज के हर्ष बढे ने 15 वर्ष बालक एकल फाइनल में अमेच्योर के त्रिशिर पाटीदार को अत्यंत ही रोमांचक मुकाबले में 15-12,19-21,18-16 से हराकर उलटफेर किया, हर्ष समूह लीग में त्रिशिर से 10-15,13-15 से हार गए थे ।

अमेच्योर -सरताज की काश्वी कुशवाह ने 9वर्ष बालिका फाइनल में प्रिशा शर्मा को 15-5,15-2 से और 11वर्ष बालिका खिताबी मुकाबले में धनवी छाबडा को 15-13,15-12 से हराकर दो खिताब जीते ।

13वर्ष बालकों के खिताबी मुकाबले में सरताज अकादमी के किआन सालगिया ने कुश गौड़ को 15-13,15-6 से हराया ।

17 वर्ष बालक एकल फाइनल में अमेच्योर के त्रिशिर पाटीदार ने कृष्णा टोडरमल को 15-13, 15-9 से पराजित किया । सेमीफाइनल में त्रिशिर पाटीदार ने युवराज कल्याणे को 15-4, 15-12 से और कृष्णा टोडरमल ने प्रखर राठौर को 15-9,16-14 से हराया ।

अमेच्योर के महीप छाबडा ने 11वर्ष बालक खिताबी मुकाबले में प्रथम सावलानी को 15-7,15-5 से और 9 वर्ष बालक खिताबी मुकाबले में अयांश सोनी को 15-9,15-2 से पराजित किया । धनवी छाबडा ने 13वर्ष बालिका खिताबी मुकाबले में सिया भावसार को 10-15, 18-16, 15-7 से हराया, 15वर्ष बालिका खिताबी मुकाबले में काव्या छाबडा ने मनप्रीत कोर को 15-5,15-8 से पराजित किया । सरताज अकादमी प्रबंध निदेशक, बैडमिंटन इंडिया टेक्निकल आफिशियल्स एसोसिएशन (बिटोआ)उपाध्यक्ष धर्मेश यशलहा ने पुरस्कार वितरण किया । अमेच्योर बैडमिंटन एकेडमी के अंकित शुक्ला विशेष अतिथि थे । हर्ष सरग ने संचालन किया ।

**न्यूज इन बॉक्स**

## अंडर23 कुश्ती टीम रवाना

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मध्यप्रदेश कुश्ती संघ के विक्रम अवार्डी ओमप्रकाश खत्री ने बताया कि 10 से 12 जुलाई तक हरियाणा के रोहतक में होने वाली राष्ट्रीय कुश्ती के लिए मध्यप्रदेश की टीम रवाना हुई। महिला टीम प्रियन्शी प्रजापत, माधुरी पटेल, छाया पटेल, शिवानी शर्मा, रेखा जाट, काजल रजक, पावि चन्द्रवंशी, अजंली करोसिया, टीम की कैप्टन होगी कशिश वर्मा। पुरूष- अभिषेक सिंग यादव, आयुष सोनकर, निश्चित जैसवाल, अक्षत यादव, शिवम यादव, राज सोलंकी, रोहित प्रजपात, अरमान शेख, विनय चौधरी, देव यादव। ग्रीकोरोमान- नीरज पटेल, शिवम कोरम, मृतुन्जय तिवारी, हरिओम पूरी, नमन चौहान, महेश राठौर, स्वेज, आर्यन चौहान, युवराज पाल, वंश पाल, मोक्षक चतुर्वेदी, टीम कोच रिंकू यादव, सागर यादव, रवि अहीर व मैनेजर होंगे खंडवा के जगदीश पटेल।



## दृष्टि व शुभम को मध्यप्रदेश योग टीम की कमान

**इंदौर।** डब्ल्यूवायएसएफ इंडिया योग स्पोर्ट्स फेडरेशन के तत्वावधान में मध्यप्रदेश योगा एसोसिएशन द्वारा मंदसौर में 10 से 12 जुलाई तक आयोजित होने वाली 11वी नेशनल योग स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में भाग लेने वाली मध्यप्रदेश टीम की घोषणा मप्र योगा एसोसिएशन अध्यक्ष हरिनारायण यादव ने की ।





बालिका व बालक टीम का नेतृत्व क्रमशः दृष्टी पचौरी व शुभम तरज करेंगे । टीम इस प्रकार है –

**बालिका टीम –** दृष्टि पचौरी (कप्तान), मलक शाह, आरोही कनौजिया, मिश्का तिवारी, हनीशा चौधरी, हर्षाली पांडे, माही सिसौदिया, मिशिका जैन, विधि चौहान, काव्या भट्ट, राभ्या रोहित, शरण्या राठौड़, अयांशी परसरामपुरिया, महिका सिसौदिया, अदविका परसरामपुरिया, देवीशी गुप्ता, श्रेया शर्मा, चेताली जोशी, नित्या भदोरिया, मानसी बागोरा ।

**बालक टीम –** शुभम तरज (कप्तान), शिवाय जोशी, अव्यान व्यास, मनवीर गुर्जर , वरदान बाहेती, अर्णव निगम, रेयांश माली, देव्यांश वर्मा, कुशाग्र जैन, विनय मनावरे, अतुलित मिश्रा, कुशाग्र सिंह चौहान, अंश रघुवंशी, पीयूष ताराज, दक्ष माल्या, प्रिंस मनावरे, लवय बोरदिया, वीर गुप्ता, प्रथम जोशी, आदित्य राज सोनी, कीर्तन गेहलोद । बालिका व बालक टीम के कोच क्रमशः मीनाक्षी गुप्ता व प्रदीप तिवारी एवं मैनेजर रुद्राक्ष शर्मा होंगे ।

## डॉ. असाटी एआईयू इंटर-यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स बोर्ड के सदस्य मनोनीत

**इंदौर। मेडिकैप्स यूनिवर्सिटी, इंदौर के खेल अधिकारी डॉ. जितेन्द्र असाटी को एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज (एआईयू), नई दिल्ली द्वारा वर्ष 2026-27 के लिए इंटर-यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स बोर्ड का सदस्य मनोनीत किया गया है।**



एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज (एआईयू) के संयुक्त सचिव (खेल) द्वारा जारी नामांकन पत्र के अनुसार यह मनोनयन एआईयू के इंटर-यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स बोर्ड के संविधान के अंतर्गत किया गया है। यह मनोनयन एक वर्ष (2026-27) अथवा आगामी आदेश तक प्रभावी रहेगा। इस महत्वपूर्ण दायित्व के तहत डॉ. जितेन्द्र असाटी इंटर-यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स बोर्ड की बैठकों एवं विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर देशभर के विश्वविद्यालयों में खेलों के विकास, समन्वय तथा खेल संस्कृति को बढ़ावा देने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इस बड़ी उपलब्धि पर डॉ. जितेन्द्र असाटी को म.प्र. मध्यप्रदेश सॉफ्टबॉल संघ के अध्यक्ष रमेश मेंदोला, प्रवीण अनावकर, राजकुमार सहगल, विनोद रुणवाल, प्रदीप नारुलकर, समीर गुप्ते, चंद्रकांत सांगोले, राकेश मिश्रा, विक्रांत आखरे, सविता पारखे, रितिक पाठक, प्रवीण दवे, सुबोध चौरसिया ने टीम को शुभकामनाएं दी।

## राजेश, सनी, विकास ने बाजी मारी

### इंटर फ्रंटियर एक्काटिक एवं क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता प्रारंभ

**इंदौर ।** 39वीं सीमा सुरक्षा बल इंटर फ्रंटियर एक्काटिक प्रतियोगिता – 2026 एवं 49वीं इंटर फ्रंटियर क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता-2026 11 जुलाई तक आयोजित की जा रही है, जिसकी मेजबानी सेंट्रल स्कूल ऑफ वेपन्स एंड टैक्टिक्स (सीएसडब्ल्यूटी), सीमा सुरक्षा बल द्वारा किया जा रहा है। तेजिंदर पाल सिंह, महानिरीक्षक, सीएसडब्लूटी, बीएसएफ मुख्य अतिथि द्वारा उक्त प्रतियोगिताओं का उद्घाटन किया गया। सीमा सुरक्षा बल की 39वीं सीमा सुरक्षा बल इंटर फ्रंटियर एक्वाटिक प्रतियोगिता - 2026 के दौरान सीसुबल के विभिन्न सीमांतों के 300 तैराक उत्कृष्टता के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे, जो कि सीएसडब्ल्यूटी परिसर में आयोजित की जायेगी एवं 49वीं इंटर फ्रंटियर क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता-2026 रेवती रेंज, सीमा सुरक्षा बल इंदौर के एरिया में आयोजित की जायेगी। प्रतियोगिता के पहले दिन शाम को कमांडेंट सुनील शेखावत ने विजेताओं को मेडल प्रदान किए। प्रमुख नतीजों में 400 मीटर फ्री स्टाइल में जम्मू फ्रंटियर के राजेश केआर समोटा, 200 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक व 50 मीटर बटरफ्लाई में जम्मू के सनी और 4x100 मीटर मेडले रिले में जम्मू फ्रंटियर की टीम पहले स्थान पर रही। वहीं 100 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक में त्रिपुरा के विकास कुमार अग्रवाल और 50 मीटर बैक स्ट्रोक में जम्मू के अंकित ढ्ल्ल ने बाजी मारी। इस चार दिवसीय आयोजन में बीएसएफ के विभिन्न फ्रंटियर्स के लगभग 300 तैराक और एथलीट हिस्सा ले रहे हैं। इस प्रतियोगिताओं के माध्यम से, नई प्रतिभाओं की खोज करने और ऐसे खिलाड़ियों का चयन करने का प्रयास किया जाता है जो भविष्य में विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों में बल एवं देश का प्रतिनिधित्व कर सकें।

## गांगुली आईसीसी हॉल ऑफ फेम में हुए शामिल

**दुबई ।** पूर्व भारतीय कप्तान और दिग्गज बाएं हाथ के बल्लेबाज सौरव गांगुली को बुधवार को आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया। इसके साथ ही वह यह प्रतिष्ठित सम्मान पाने वाले भारत के 12वें क्रिकेटर बन गए। आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल होने के बाद सौरव गांगुली ने सोशल मीडिया पर अपनी खुशी जाहिर की। उन्होंने आईसीसी और चेयरमैन जय शाह का आभार व्यक्त करते हुए इसे अपने करियर का बड़ा सम्मान बताया। गांगुली ने लिखा 'आईसीसी और चेयरमैन जय शाह का मुझे हॉल ऑफ फेम में शामिल करने के लिए धन्यवाद। यह मेरे लिए बहुत बड़ा सम्मान है। इतने महान खिलाड़ियों की सूची का हिस्सा बनना अद्भुत एहसास है।' उन्होंने आगे कहा कि हॉल ऑफ फेम में शामिल होने वाले भारतीय क्रिकेटरों की विशेष सूची में जगह मिलना उनके लिए गर्व की बात है।

## फुटबॉल स्पर्धा प्रारंभ, बालक-बालिका वर्ग के मुकाबले हो रहे

**इंदौर।** रियांश नाईक, पृथ्वी सिंह ठाकुर, सिद्धांत घाघ और दिगपाल सिंह के कदमों के कमाल से मेजबान एमरल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल की टीम ने एमरल्ड गोल्ड कप फुटबाल स्पर्धा में विजयी आगाज किया।



राउ स्थित स्कूल परिसर में स्पर्धा का शुभारंभ स्कूल के डायरेक्टर सिद्धार्थ सिंह और खेल अधिकारी अकरम खान के आतिथ्य में किया गया। अंडर-19 वर्ष आयु वर्ग में खेली जा रही स्पर्धा में बालक और बालिका दोनों वर्गों के मुकाबले हो रहे हैं। यह स्पर्धा लीग कम नाकआउट पद्धति से खेली जा रही है।

दिन के पहले मैच में एमरल्ड हाइट्स स्कूल ने एसडीपीएस को 5-0 से हराया। विजेता टीम की ओर से रियांश नाईक ने दो गोल दागे। पृथ्वी सिंह ठाकुर, सिद्धांत घाघ और दिगपाल सिंह ने एक-एक गोल किए। दूसरे मैच में लारेल्स स्कूल ने एनडीपीएम को 3-0 से हराया। विजेता टीम के लिए प्रभप्रीत सिंह, शुभम और हार्दिक ने गोल दागे। तीसरे मैच में सेंट अर्नाल्ड स्कूल ने मेडिकेप्स को 1-0 से पराजित किया। मैच का एकमात्र महत्वपूर्ण गोल जोहान मैथ्यू ने किया। एमरल्ड हाइट्स वर्ल्ड स्कूल और ऑरेंज स्कूल का मुकाबला 2-2 से बराबर रहा। एमरल्ड वर्ल्ड टीम की ओर से आदि कौशिक ने दो गोल दागे। वहीं ऑरेंज टीम की ओरसे इबद बेग और तन्वीर खान ने एक-एक गोल किए। डीपीएस ने फाउंटेन हेड महू टीमको 6-0 से हराया। अहान ने दो गोल दागे। ध्रुव, अनम, रनवीर और वंश ने एक-एक गोल किया।

# चेन झपटू से एक महिला बची तो दूसरी बुजुर्ग की चेन उड़ा दी



## जैन समाज की वरिष्ठ निकली थी मंदिर दर्शन करने, गले पर भी आया निशान

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

शहर के मध्य जवाहर मार्ग के मुख्य मार्ग राजमोहल्ला जैन मंदिर के समीप आज सुबह सनसनी खेज घटना हो गई। दो बुजुर्ग महिलाएं इन्दिरा जैन निवासी नार्थ राजमोहल्ला और उनके साथ साऊथ राजमोहल्ला की दोनों बुजुर्ग महिलाएं जैन जिनालय प्रभु दर्शन के लिए निकली और जिनालय के समीप बाइक पर आए नकाबपोशों ने इन महिलाओं से चेन झपटने की



सफल कोशिश की। साऊथ राजमोहल्ला की महिला कुसुम गोधा पर जैसे ही नकाबपोश ने हाथ डाला वह बुजुर्ग महिला थोड़ा सा पीछे हुई तो वह चेन झपटुओं से बच गई, लेकिन चेन झपटुओं ने बुजुर्ग इन्दिरा जैन नार्थ राजमोहल्ला को अपना चेन झपटने का शिकार बना लिया। चेन मजबूत थी,



छीनने में दिक्कत आई, इससे महिला इन्दिरा जैन के गले में निशान भी हुए, महत्वपूर्ण बात यह हुई कि समीप ही नार्थ राजमोहल्ला में रहने वाले चित्तौड़ा परिवार के जतन चित्तौड़ा ने इन चेन चोरों को पकड़ने की कोशिश कर अपने कदम आगे बढ़ाए तो इन नकाबपोशो ने चाकू खोल लिया और चाकू दिखाकर चेन झपटू वहां से फरार हो गए। घटना की जानकारी के बाद डायल-112 पहले पहुंची, बाद में पुलिस भी पहुंची। वार्ड 72 के पार्षद योगेश गेंदर भी घटना स्थल पर पहुंच गए थे। कांग्रेस नेता और जैन समाज से जुड़े संजय बाकलीवाल भी पहुंचे और घटना पर विरोध जताया गया। पुलिस अब वीडियो फुटेज खंगाल रही है, जिससे अगर गाड़ी पर नम्बर हो तो वह और किसी भी कोने से आरोपियों की पहचान की जा सके।

# बुजुर्ग महिला का मोबाइल हैक कर बैंक खाते से 4.80 लाख उड़ाए

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

**मोबाइल पर धड़ाधड़ आए डेबिट मैसेज, केस दर्ज**

कोतवाली थाना क्षेत्र में एक शातिर साइबर ठग द्वारा एक बुजुर्ग महिला का मोबाइल हैक कर उनके बैंक खाते से लाखों रुपये उड़ाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। जालसाज ने महिला के बैंक खाते से जुड़े मोबाइल नंबर का एक्सेस हासिल किया और अलग-अलग ट्रांजेक्शन के जरिए कुल 4लाख 80 हजार 749 रुपये की बड़ी रकम साफ कर दी। कोतवाली थाना पुलिस ने पीड़िता के बेटे की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, इस ऑनलाइन धोखाधड़ी को लेकर फरियादी सूरज पिता शत्रुघन मंघवानी निवासी पैलेस कॉलोनी, माणिक बाग ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। सूरज ने पुलिस को बताया कि उनकी 70 वर्षीय वृद्ध मां कृष्णा मंघवानी का एक बैंक खाता एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक जवाहर मार्ग शाखा में है। किसी शातिर हैकर ने चालाकी से उनकी मां के बैंक खाते से लिंक्ड मोबाइल नंबर को हैक कर लिया। मोबाइल का पूरा एक्सेस मिलते ही ठग ने खाते में जमा रकम को ट्रांसफर करना शुरू कर दिया। फरियादी के मुताबिक, वारदात वाले दिन उनके मोबाइल पर अचानक धड़ाधड़ पैसे कटने के मैसेज आने लगे। ठग ने बेहद कम समय में 99 हजार 999 रुपये, 1 लाख रुपये और 50 हजार रुपये सहित कई बड़े ट्रांजेक्शन कर कुल 4 लाख 80 हजार से अधिक की राशि पार कर दी। इतना ही नहीं, जांच में यह भी सामने आया कि इससे पूर्व बीती 20 जनवरी को भी बिना किसी ओटीपी या सूचना के खाते से 1 लाख 50 हजार रुपये डेबिट हुए थे। लगातार पैसे कटने से हैरान पीड़ित परिवार ने तुरंत बैंक से संपर्क कर खाता ब्लॉक करवाया और पुलिस की शरण ली। कोतवाली पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर आरोपी के बैंक खातों और आईपी एड्रेस की तकनीकी जांच शुरू कर दी है।

# 4 दर्जन मामलों का आरोपी जिलाबदर बदमाश कट्टे और जिंदा कारतूस के साथ धराया

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।**

चंदन नगर पुलिस ने बदमाशों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने एक साल के लिए जिलाबदर किए गए क्षेत्र के कुख्यात बदमाश इमरान उर्फ इम्मू को अवैध देशी कट्टे और जिंदा कारतूस के साथ धरदबोचा है। पकड़ा गया आरोपी पुलिस आयुक्त न्यायालय के आदेशों का उल्लंघन कर प्रतिबंधित क्षेत्र में घूम रहा था। आरोपी पर इंदौर के विभिन्न थानों में हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट, मादक पदार्थ, बलवा, अड़ीबाजी और जुआ-सट्टा समेत करीब चार दर्जन गंभीर आपराधिक मामले पहले से दर्ज हैं।



टीआई तिलक करोले ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि जिलाबदर बदमाश इमरान उर्फ इम्मू उर्फ निजाम पिता इकरामा पहलवान निवासी ई-सेक्टरचंदन नगर अपने इलाके में किसी वारदात की नीयत से घूम रहा है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए चंदन नगर पुलिस की टीम ने घेराबंदी कर आरोपी को दबोच लिया। जब उसकी जामा तलाशी ली गई, तो उसके कब्जे से एक अवैध देशी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने अवैध हथियार जब्त कर आरोपी को हिरासत में ले लिया। जांच में यह तथ्य सामने आया कि पुलिस आयुक्त न्यायालय के आदेश पर आरोपी इमरान को 24 दिसंबर 2025 को एक वर्ष की अवधि के लिए इंदौर जिले की राजस्व सीमा से जिलाबदर किया गया था, जिसकी विधिवत तामीली 3 जनवरी 2026 को कराई गई थी। इसके बावजूद आरोपी बिना किसी सक्षम अधिकारी की अनुमति के इंदौर शहर में अवैध हथियार के साथ घूम रहा था। चंदन नगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट और राज्य सुरक्षा अधिनियम की धाराओं के तहत नया आपराधिक प्रकरण दर्ज कर उसे जेल भेजने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# सोशल मीडिया पर चाकू लहराकर हवाबाजी करने वाले 2 बदमाश गिरफ्तार

## पुलिस गिरफ्त में आते ही निकली हेकड़ी मांगने लगे माफी

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

हीरानगर थाना पुलिस ने सोशल मीडिया पर हथियारों के साथ वीडियो डालकर खौफ पैदा करने और रौब जमाने वाले बदमाशों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। पुलिस ने वीडियो के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए दो शातिर बदमाशों को धरदबोचा है, जबकि उनके दो अन्य फरार साथियों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है। सोशल मीडिया पर खुद को डॉन दिखाने वाले ये बदमाश जैसे ही



पुलिस की गिरफ्त में आए, इनकी सारी हवाबाजी गायब हो गई और वे





थाने में हाथ जोड़कर अपने कृत्य के लिए माफी मांगते नजर आए।

थाना प्रभारी सुशील पटेल ने बताया कि हीरानगर पुलिस की टीम को सोशल मीडिया पर एक वीडियो प्राप्त हुआ था, जिसमें चार युवक हाथों में धारदार चाकू लहराते हुए और चिलम फूंकते हुए दिखाई दे रहे थे। वीडियो में आरोपी खुलेआम हथियारों का प्रदर्शन कर क्षेत्र में अपना दबदबा और रौब जमाने की कोशिश कर रहे थे। मामले को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में हीरानगर पुलिस ने तुरंत टीम गठित की और वीडियो में दिख रहे आरोपियों की पहचान कर घेराबंदी की। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो मुख्य आरोपियों कान्हा उर्फ कृष्णा पिता संजीव शर्मा और उदय पिता सूबेदार तिवारी दोनों निवासी सुखलिया को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वीडियो में प्रयुक्त हथियार भी बरामद कर लिए हैं। पूछताछ में आरोपियों ने सोशल मीडिया पर केवल नाम कमाने और दहशत





फैलाने के लिए ऐसा वीडियो डालना स्वीकार किया है। पुलिस अब इनके दो अन्य फरार साथियों की तलाश में जुटी है, जिन्हें जल्द ही गिरफ्तार करने का दावा किया जा रहा है। पुलिस ने साफ किया है कि सोशल मीडिया पर गुंडागर्दी या हथियारों का प्रदर्शन करने वालों को कतई बख्शा नहीं जाएगा।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।